संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .....
05 मार्च 2025, बुधवार
पृष्ठ-8, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 154
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

झारखंड में दो-तीन डिग्री और गिरेगा तापमान

रांची । झारखंड के विभिन्न जिलों में अगले दो से तीन दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की और गिरावट होगी। यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक डॉ अभिषेक आनंद ने मंगलवार को दी है। उन्होंने बताया कि पिछले एक दिन में राज्य भर में तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट हुई है। इसलिए अभी इसमें अभी और कमी होगी। डॉ आनंद ने बताया कि यह गिरावट उत्तर-पश्चिम दिशा में हुई बर्फबारी के चलते आनेवाली ठंडी हवाओं के कारण हो रही है।

चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची भारतीय टीम, सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराया

एजेंसी

दुबई । चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने लगातार तीसरी बार इस प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिले 265 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बहुत अच्छी नहीं ही। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल मात्र 8 रन बनाकर आउट हो गए। फिर 43 रन के कुल योग पर कप्तान रोहित शर्मा (28) भी पवेलियन लौट गए। हालांकि इसके बाद विराट कोहली और श्रेयश अय्यर ने पारी को संभाला और 91

रनों की साझेदारी कर टीम को बेहतर स्थिति में पहुंचाया। अय्यर 45 रन और कोहली 84 रन बनाकर आउट हुए। जबकि पांचवे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए अक्षर पटेल ने 27 रन की अहम पारी खेली। आखिर में केएल राहुल (नाबाद 42 रन) और हार्दिक पांड्या (28 रन) ने टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। रविंद्र जडेजा 2 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जम्पा और नाथन एलिस ने दो-दो विकेट चटकाए। जबकि बेन ड्वारिस और कूपर कोनोली को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 264 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान स्टीव स्मिथ ने 73 रन और एलेक्स कैरी ने 61 रन की जुझारू पारी खेली। वहीं, ट्रेविस हेड ने 39 रन, मार्नर लाबुशेन ने 29 रन का योगदान दिया। भारत के लिए मोहम्मद शमी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने तीन विकेट अपने नाम किए। जबकि रविंद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट चटकाए। वहीं, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल को भी एक-एक सफलता मिली।

इस जीत के साथ भारत ने दुबई में एक नया रिकॉर्ड भी बनाया है। भारतीय टीम उन चुनिंदा टीमों में शामिल हो गई है, जिन्होंने इस मैदान पर 250 से अधिक रनों का सफलतापूर्वक पीछा किया है।

विधानसभा में हेमलाल मुर्मू ने कहा शराब पीकर पति घर आये तो ठोक दो

सरकार शराब बिचवा कर क्यों पति को पत्नी से पिटवा रही है : नीरा

संवाददाता

रांची । विधायक उदय शंकर सिंह ने सारठ-पालोजोरी और करमा टांड में कॉलेज या मॉडल डिग्री खोलने की मांग की। इसपर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि जामताड़ा में महिला महाविद्यालय की स्थापना की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। लेकिन उदय शंकर सिंह मंत्री के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने कहा कि यह काफी दूर है। कहिए तो बैठ जाएं, उत्तर सही नहीं हुआ। विधायक हेमलाल मुर्मू ने सदन में कहा कि अगर कोई पति शराब पीकर घर आता है, तो उसे ठोक देना चाहिए। उनके क्षेत्र की महिलाएं उन्हें फोन कर पूछती हैं कि उनका पति शराब पीकर घर आया है, क्या उसे ठोक दें?

वह उन्हें सुझाव देते हैं कि ठोक दो। उन्होंने कहा कि शराब से परिवार बर्बाद हो रहा है। हेमलाल की इस बात पर भाजपा विधायक नीरा यादव ने चुटकी लेते हुए कहा कि राज्य सरकार झारखंड में शराब बिचवा कर क्यों पति को पत्नी से पिटवा रही है।

सड़क दुर्घटना में घायलों को अब मिलेगा डेढ़ लाख रुपए तक का फ्री इलाज

नितिन गडकरी ने कैशलेस ट्रीटमेंट योजना शुरु की

एजेंसी

नई दिल्ली । सड़क दुर्घटना में घायलों को इसी माह से डेढ़ लाख रुपए तक का फ्री इलाज मिलेगा। यह नियम निजी हॉस्पिटल के लिए भी अनिवार्य होगा। देशभर में इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा। एनएचएआई इसके लिए नोडल एजेंसी का काम करेगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अधिकारी के मुताबिक, योजना के लिए मोटर

वाहन अधिनियम 1988 की धारा 162 में पहले ही संशोधन हो चुका है। इस योजना को पूरी तरह से लागू करने से पहले बीते 5 महीनों में पुडुचेरी, असम, हरियाणा और पंजाब सहित छह राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया, जो कि सफल साबित हुआ है।

अधिकारी ने बताया कि घायल को पुलिस या कोई आम नागरिक या संस्था जैसे ही हॉस्पिटल पहुंचाएगी, उसका इलाज तुरंत शुरू होगा। इसके लिए कोई फीस भी जमा नहीं करनी होगी। घायलों के साथ चाहे परिजन हो या नहीं, हॉस्पिटल उसकी देखरेख करेगा।

मियां-तियां या पाकिस्तानी कहने से धार्मिक भावनाएं आहत नहीं होतीं : सुप्रीम कोर्ट

केस खारिज, मामला बोकारो का

एजेंसी

नई दिल्ली । किसी को भी मियां-तियां या पाकिस्तानी कहना गलत और आपत्तिजनक हो सकता है, लेकिन यह अपराध की श्रेणी में नहीं आता है। ऐसा कहे जाने पर धार्मिक भावनाएं आहत होने का केस दर्ज नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट ने यह मंगलवार को अहम फैसला दिया है। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी 80 साल के एक शख्स के खिलाफ दर्ज केस को खारिज करते हुए की। बुजुर्ग पर आरोप था कि उन्होंने एक व्यक्ति को मियां-तियां और पाकिस्तानी कह दिया था। इससे उसकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई थीं और उनके खिलाफ केस दर्ज हुआ था। लेकिन उस केस को जस्टिस बीवी

नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने खारिज किया। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा, बुजुर्ग पर आरोप है कि उन्होंने मियां-तियां और पाकिस्तानी कहकर धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। निस्संदेह उनकी टिप्पणी खराब है और गलत तरीके से की गई। लेकिन इससे उस व्यक्ति की धार्मिक भावनाएं आहत नहीं होतीं। यह मामला झारखंड के बोकारो का है, जहां के एक उर्दू अनुवादक मोहम्मद शमीमुद्दीन ने आरोप लगाया था कि बुजुर्ग ने उन पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। शमीमुद्दीन ने 80 साल के हरि नारायण सिंह पर यह आरोप लगाकर कहा था कि उनकी बातों से धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। बुजुर्ग के खिलाफ जांच के बाद पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। जुलाई 2021 में मजिस्ट्रेट ने मामले का संज्ञान लेकर बुजुर्ग को समन जारी किया। इसके बाद बुजुर्ग ने एडिशनल सेशन जज का रुख किया, लेकिन राहत नहीं मिली। फिर उन्होंने हाई कोर्ट में अपील दायर की। वहां से भी राहत न मिलने के बाद वह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। जहां से बुजुर्ग को राहत मिल गई है।

अब रिश्वत लेने व देने के ठोस सबूत होने पर ही माना जाएगा भ्रष्टाचार : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि भ्रष्टाचार तभी माना जाएगा, जब रिश्वत की मांग या लेनदेन के ठोस सबूत मौजूद होंगे। महज शक्ति के दुरुपयोग का आरोप लगाकर किसी अधिकारी को भ्रष्टाचार का दोषी नहीं ठहराया जा सकता। मामला एक फिशिंग ठेकेदार से जुड़ा था, जिसमें एक सरकारी अधिकारी पर बिना टेंडर जारी किए करोड़ों का नुकसान करने का आरोप लगाया था। इसके तहत प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह मामला 27 फरवरी को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अगर कोई अधिकारी सरकारी नीति से भटककर कार्य करता है, तो केवल इस आधार पर यह नहीं माना जा सकता कि उसने रिश्वत ली है। जब तक यह साबित नहीं हो जाता कि रिश्वत की मांग और उसे स्वीकार किया गया था, तब तक भ्रष्टाचार का अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।

दुमका : सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दंपति की मौत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । दुमका जिला के जामा थाना के कमार दुधानी के पास सोमवार शाम अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी. इस घटना में बाइक सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।गंभीर रूप से घायल दंपत्ति को इलाज के लिए दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया, जबकि इलाज के दौरान देर रात पति की भी मौत हो गई।जानकारी के अनुसार सोमवार को मुफस्सिल थाना के कुशालपुर गांव निवासी ज्वेल मरांडी अपनी पत्नी सोना मुनि मुर्मू और बेटा के साथ कैरबानी मिशन स्कूल गए थे।बेटा कैरबानी मिशन स्कूल में पढ़ता है. बेटा को स्कूल पहुंचाने के बाद दंपत्ति वापस घर लौट रहे थे, इसी दौरान हादसे का शिकार हो गया।

एफएसएसएआई fssai भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण Food Safety and Standards Authority of India
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

जोम जिनिस आआखरिजको लागित् रासका खोबोर!

एफएसएसएआई रजिस्ट्रेशन फीस पुराउ ते इकायेना

28 सितम्बर 2024 खोन

ओकोयको लेकमाना

जाहांय आआखरिजको गे जाहांय दो मित् जायगा खोन एटाक् जायगा रे (आसोकायते ताड़ाम ते आर चालाक्कान गाडीको रे) यात्रा काते पैकेज्ड आर से बेनावाकात् लोलोवाक् जोम जिनिसको आखरिजेत्कान।

आसोल पोरहो

- नावां दारखास आर नावांआरोय लागित् जाहांन रजिस्ट्रेशन पायसा दो बाङलागाक्आ
- चेतान रे एम आकात् रजिस्ट्रेशन दो मोंड़ें बोछोर लागित् जिवेत् ताहेंना।

ओका लेकापे दारखासा

- FoSCoS पोर्टल रे चालाक्पे [https://foscos.fssai.gov.in]
- हॉकर श्रेणी तारी रे ऑनलाइन दरखासपे (यूजर मैनुअलः https://foscos.fssai.gov.in/user-manual)

जासती बाडाय लागित्:
Refer FSSAI Order dated 30-09-2024
हेल्पलाइन ते जोगाजोगपेः
1800112100, helpdesk-foscos@fssai.gov.in

आलोपे तांगीया
तेहेज गे एफएसएसएआई रे रजिस्ट्रेशनोक्पे बेगोर पायसा ते

fssaiindia fssai fssai_safefood
fssaiindia fssai_india

CBC 17163/11/0014/2425

6 मार्च से शुरू होगा बैद्यनाथ महोत्सव, बॉलीवुड गायकों की होगी प्रस्तुति

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । बाबा बैद्यनाथ महोत्सव 2025 के आयोजन को लेकर मंगलवार को उपायुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि 6, 7 और 8 मार्च को के.के.एन. स्टेडियम, देवघर में यह महोत्सव आयोजित किया जाएगा। डीसी ने निर्देश दिया कि सुरक्षा, ट्रैफिक प्लान, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और बिजली आपूर्ति को ससमय दुरुस्त किया जाए, ताकि यह महोत्सव यादगार बन सके। साथ ही फ्लावर शो, 3 डी शो और फूड कोर्ट जैसी आकर्षक गतिविधियों को भी शामिल किया जाएगा। महोत्सव में डमरू वादन, भरतनाट्यम, छऊ नृत्य, संथाली नृत्य, बिहु लोकनृत्य, राजस्थानी कलबेलिया, ओडिशा का पारंपरिक नृत्य और बॉलीवुड गायकों की प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण होंगी। इसके अलावा कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा।

राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव का उद्घाटन नगर विकास, आवास, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार 6 मार्च को अपराह्न 4 बजे करेंगे। डीसी ने निर्देश दिया कि स्कूली बच्चों और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। साथ ही महोत्सव का प्रचार-प्रसार बड़े स्तर पर करने के निर्देश दिए गए।

राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए मिला समय

मामला : ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर का

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दायर शिकायत पर ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली ईडी के अधिकारियों कपिल राज एवं अन्य की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मंगलवार को मामले में कोर्ट ने ईडी अधिकारी को दी गई अंतरिम राहत बरकरार रखी है। राज्य सरकार को प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय कोर्ट ने दिया है। पूर्व में कोर्ट ने ईडी के अधिकारियों को अंतरिम राहत देते हुए गोंदा पुलिस द्वारा 41 ए के तहत दिए गए नोटिस पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि अगले आदेश तक पुलिस ईडी अधिकारियों को 41 ए का नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए नहीं बुला सकती है। ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास एवं सौरव कुमार ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि यह एफआईआर झारखंड पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के तहत रांची के एससी-एसटी थाना में दर्ज की है। यह एफआईआर हेमंत सोरेन सोरेन की दिल्ली आवास पर ईडी की ओर से की गई तलाशी के संबंध में एक शिकायत को लेकर की गई है। ईडी की ओर से इस केस को निरस्त करने का आग्रह कोर्ट से किया गया है।

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

ग्राहकको सावधानोक्पे

बचत के सितारे दोस्त हमारे

चिन्हावानाक् चितार

लिचाड़ेना

Cruise
रूम एयर कंडीशनर (बोदोलोक्आक् तापिस)
मॉडल नंबर CWCVBH-VQ1S123
3 इपिल ऊर्जा दक्षता रेटिंग
रे लिचाड़ेना

Panasonic
रूम एयर कंडीशनर (बोदोलोक्आक् तापिस)
मॉडल नंबर CS-ZU12XKYF/CU-ZU12XKYF
5 इपिल ऊर्जा दक्षता रेटिंग
रे लिचाड़ेना

* नोआ नोटिस दो उर्जा दक्षता ब्यूरो (रूम एयर कंडीशनर रेयाक् लेबल रे ओनाको रेयाक् प्रजेंटेशन रेयाक् नेयोम) रेगुलेशन, 2017 रेयाक् रेगुलेशन पांजा काते अनुपालन रे जारी आकात्आ।

ऊर्जा दक्षता ब्येरा (बीईई)
विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार तारी रेयाक् मित् सांविधिक निकाय, चौथी मंजिल, सेवा भवन
आर.के.पुरम, नई दिल्ली-110 066 (भारत) वेबसाइटः Website : www.beeindia.gov.in /beeindiadigital /beeindiadigital

जासती बाडाय लागित् दो क्यूआर कोड स्कैनपे

CBC 34106/12/0027/2425

राज्य की कानून व्यवस्था में हैं खामियां:बाबूलाल मरांडी

रांची संवाददाता । दुमका जिले के काठीकुंड थाना क्षेत्र में 32 वर्षीय महिला का अर्धनग्न शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। महिला की गैंग रेप के बाद हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। उधर भाजपा के प्रदेश भाजपा बाबूलाल मरांडी ने घटना की निंदा करते हुए हेमंत सोरेन सरकार पर सवाल उठाए हैं। बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि यह घटना हेमंत सरकार में राज्य की कानून-व्यवस्था की पोल खोल रही है। दुमका में घटित इस दिल दहला देने वाली घटना ने एक बार फिर से यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्य में कानून-व्यवस्था में खामियां हैं। जब सरकार बजट पर वाहवाही लूट रही थी, तब काठीकुंड में एक विवाहित महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि इस घटना के परिणामस्वरूप चार बच्चों के सिर से उनकी मां का साया उठ गया है। मरांडी ने सवाल किया कि महिलाएं कब तक ऐसी बर्बरता का शिकार होती रहेंगी। उन्होंने मईया योजना के तहत सरकार पर अपने महिला विरोधी चेहरे को छिपाने का आरोप लगाया और दुमका पुलिस से दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उल्लेखनीय है कि घटना रविवार दोपहर की है, जब महिला स्नान करने नदी गई थी और उसके बाद घर वापस नहीं लौटी। जब रात होने लगी और मां का कोई पता नहीं चला तो उसकी बेटी ने नदी में मां की खोजबीन की। वहां पास में धोए गए कपड़े मिलने के बाद बेटी वापस घर लौट गई। पिता के घर लौटने पर बच्चों ने सारी घटना बताई, जिससे महिला के पति ने ग्रामीणों को स्थिति बताई। ग्रामीणों ने रात भर नदी और आस-पास के गांवों में खोजबीन की, लेकिन महिला का कोई पता नहीं चल सका था। सोमवार को परिजन और ग्रामीण फिर से खोज में जुट गए और इसी दौरान काठीकुंड थाना क्षेत्र के नदी किनारे झाड़ियों के बीच अर्धनग्न अवस्था में महिला का शव मिला था।

संजय सेठ ने 6 योजनाओं का शिलान्यास किया

रांची संवाददाता । वार्ड नंबर 34 गंगानगर साई सिटी में पीसीसी पथ, वार्ड नंबर 50 हेथु में शमशान सेड का निर्माण ,सरई टोला टाटी सिल्वे सामुदायिक भवन का निर्माण ,वार्ड संख्या 53 ब्रिज फोर्ड स्कूल के पास अटल कॉलोनी में पीसीसी पथ का शिलान्यास ,होटवासी शिवपुरी रोड नंबर 7 में पीसीसी पथका शिलान्यास होंटवासी रोड नंबर 4 में पीसीसी पथका आज शिलान्यास किया गया इस अवसर पर रांची के लोकप्रिय सांसद संजय सेठ ने कहा प्राथमिकता के आधार पर हर क्षेत्र का विकास किया जाएगा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणा से हम लोग सभी कार्य करते हैं और आगे भी निरंतर क्षेत्र का विकास किया जाएगा आज के इस अवसर पर आरती कुजूर विनोद सिंह अरुण झा राजू सिंह मनोज झा कमल किशोर झा गुड्डु साहू राजेंद्र महतो प्रमोद सिंह उमेश यादव रामजी प्रसाद अशोक मुंडा संजय सिंह राजू नायक अंकित सिंह विशेष रूप से सम्मिलित रहे ।

कई गांव मोबाइल सुविधा से वंचित : विधायक

चतरा संवाददाता । दुनिया आज चांद और तारे पर आ जा रही है। जमाना मोबाइल टेक्नोलॉजी का है। लेकिन आज भी चतरा जिले के कई गांव मोबाइल कनेक्टिविटी से दूर हैं। 2त्न या 5त्न क्या होता है। कई गांव के लोग नहीं जानते हैं। मोबाइल चलाने के लिए उन्हें आज भी दूसरे गांवों के इर्द-गिर्द मंडराना पड़ता है। इसी दर्द को मंगलवार को सिमरिया विधायक उज्जवल कुमार दास ने सदन में साझा किया है। शून्य काल में उन्होंने झारखंड विधानसभा में यह मामला उठाया और कहा कि चतरा जिले के सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के गिद्धौर और इटखोरी प्रखंड प्रखंड के पिंडारकोन, लोहड़ी, जमुआ, गड़के, सरहेता और चक्रवार जैसे गांव में आज भी मोबाइल नेटवर्क की सुविधा नहीं है। इस कारण हजारों ग्राम वासी किसी प्रकार का ऑनलाइन कार्य नहीं कर पा रहे हैं तथा सभी तरह के डिजिटल सेवाओं से भी वंचित हैं। उन्होंने सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है और कहा है कि यहां मोबाइल कनेक्टिविटी शुरू होने से एक बड़ी आबादी को फायदा होगा।

सप्तदिवसिय श्रीमद भागवद कथा को लेकर महिलाओं ने निकाली भव्य कलश शोभायात्रा

मसलिया(दुमका)। मसलिया प्रखंड क्षेत्र के बसकीडीह पंचायत के मोहलीडीह गांव में मंगलवार को सप्तदिवसिय श्रीमद भागवद कथा को लेकर एक हजार एक कुंवारी कन्याओं व साध्वी महिलाओं ने भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। मोहलीडीह ग्राम स्थित बाबा दुबे मंदिर प्रांगण से माथे पर कलश लेकर नंगे पांव चलकर खेड़ोबाना होते गुमरो पंचायत के जेरूवा गांव स्थित बड़ा पोखर में जल भरकर पुनः कथा स्थल तक लौटी। शोभायात्रा के बीच में कथावाचक शिवम कृष्ण महाराज रथ पर विराजमान होकर चल रहे थे वहीं आगे मुख्य कलश लेकर गाजे बाजे के साथ कलश व्रती कन्याएं व महिलाएं जय श्री राधे, सत्य सनातन धर्म की जय, भागवद पुराण की जय, जय श्री राम आदि नारे का उच्चारण कर चल रहे थे। जेरूवा पोखर में आचार्य अभिषेक शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर शुद्ध मिट्टी के कलश पात्र में जल भरा गया। सबके जीवन में कोई न कोई क्लेश रहता ही है। लेकिन जब हम भगवद कथा का आश्रय ग्रहण करते हैं तो भगवद कथा हमारे जीवन की वर्तमान की व्यथाओं को दूर कर भगवत प्रेम की स्थापना हृदय में करती है। इस ग्रंथ का नाम श्रीमद भागवद पुराण है। जो प्राचीन होते हुए भी नए युग में नए नए रास्ते दिखाते रहे इसी का नाम पुराण है। समाज को वास्तविकता का एहसास कराता रहे अधर्म के मार्ग से हटाकर के जो लोग भटक गए हैं। जो केवल भौतिकता वाद सुख के कारण केवल सुख पूर्वक जीवन जीना ही सब कुछ मान बैठे हैं । उसे सही राह दिखाने का नाम श्रीमद भागवद कथा है। कथा सायं साढ़े छह बजे से दस बजे रात्रि तक चलेगी। इसका आयोजन समस्त मोहलीडीह ग्रामवासियों की ओर से किया गया है।

आपसी रंजिश में दो पक्षों के बीच मामला दर्ज

देवघर संवाददाता। खागा थाना क्षेत्र के धावा गांव में आपसी विवाद के चलते दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ केस दर्ज कराया है। दोनों मामलों में नामजद आरोपियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही है। पहला मामला खागा थाना कांड संख्या 08/25में पीड़ित नोलेज भट ने शिकायत दर्ज कराई है। इसमें आरोपियों के रूप में पांच लोगों को नामजद किया गया है,जिसमें उन्होंने खागा थाना क्षेत्र अंतर्गत धावा गांव निवासी जाबीर भट,समसुल भट,कमल भट,सजवार भट सभी पिता स्व. तोहिम भट,हुरुन बीबी पति जाबिर भट को नामजद आरोपी बनाया है। दूसरा मामला खागा थाना कांड संख्या 09/25 में पीड़ित जाबीर हुसैन ने शिकायत दर्ज कराई है। इसमें छह लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिसमें उन्होंने खागा थाना क्षेत्र अंतर्गत धावा गांव निवासी गाजी भट,बुलबुल भट,लुकमान भट,कालू भट,नोलेज भट,इमरान भट सभी आरोपी मोईम भट के पुत्र को नामजद आरोपी बनाया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पहले भी तनाव की स्थिति रही है।

सरयू राय ने सदन में उठाया प्रदूषण का मुद्दा-सरकार ने बताया: तीन सदस्यीय कमेटी बनाकर सप्ताह भर में मांगी गई रिपोर्ट

संवाददाता

रांची झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन मंगलवार को जमशेदपुर पश्चिम के जदयू विधायक सरयू राय ने प्रदूषण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बोकारो पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड के फ्लाई ऐश से छह पौंड (तालाब) भर गए हैं।अब फ्लाई ऐश गरगा नदी से होकर दामोदर नदी में गिर रहा है। सदन की समिति बनाई जाए, जो स्थल निरीक्षण कर रिर्पोट सौंपेंगी। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। एक सप्ताह के अंदर रिर्पोट सौंपेंगी। सरयू राय ने कहा कि जो कमेटी बनाई गई है, उस कमेटी में दोषियों को ही शामिल किया गया है। जो लोग बीपीएससीएल से 73 लाख 32,031 रुपए वसूल नहीं सके, उन्हें ही कमेटी में शामिल किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भ्रम फैला रहा है। मंत्री सदन में गलत बयान दे रहे हैं। इस पर मंत्री ने कहा कि अगर गड़बड़ी मिलती है तो कार्रवाई होगी। यह कार्रवाई चलते सत्र में ही की जाएगी। सिमडेगा को पर्यटक नगरी घोषित करने की मांग विधायक भूषण बाड़ा ने सिमडेगा को पर्यटक नगरी घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि रामरेखा धाम, केला घाघ, बसंतपुर, अरगोड़ा और कुस टोंगरी को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाए। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने बताया कि इसके लिए 18 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। पर्यटक स्थल के विकास के लिए पर्यटन निदेशालय भी तैयार है जल्द ही इस पर काम शुरू होगा।

भूषण बाड़ा ने शिक्षा नीति की तरह पर्यटन नीति बनाने की भी मांग की। 26001 सहायक आचार्यों की नियुक्ति की कार्रवाही की जा रही है: रामदास शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में 2,6001 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। अनुशंसा प्राप्त होने के बाद छात्र शिक्षक अनुपात में नियुक्ति की कार्रवाई की जाएगी। वहीं 17,786 पदों के लिए 13,923 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति कर ली गई है। मंत्री सदन ने भाजपा के राज सिन्हा के सवाल का जवाब दे रहे थे। राज सिन्हा ने पूछा कि 8353 स्कूलों में सिर्फ एक-एक

शिक्षक ही हैं। जबकि इन स्कूलों में छात्रों की संख्या 4.10 लाख है। 199 स्कूल ऐसे हैं जहां एक भी विद्यार्थियों का नामांकन नहीं हुआ है। इस स्कूलों में 398 शिक्षक कार्यरत हैं। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की संख्या घटती ही जा रही है। इसके लिए स्कूल चलो अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत शिक्षक गांवों में जाकर बच्चों के अभिभावकों को बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते हैं। अगर शिक्षकों का ट्रांसफर कर दिया जाए तो स्कूल ही बंद हो जाएंगे। इस पर विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि शिक्षा को प्रभावी बनाते हुए शैक्षणिक महौल बनाने पर जोर दिया जाए। पॉलिसी का नहीं किया जा रहा है पालन विधायक राज सिन्हा ने कहा कि पिछले एक साल में मध्यम स्तर के उद्योगों में वृद्धि हुई है। लेकिन 34 हजार सूक्ष्म और लघु उद्योगों में रोजगार में कमी आई है। प्रोक्योरमेंट पॉलिसी का पालन नहीं हो रहा है। इस पॉलिसी के तहत सरकार द्वारा छोटे उद्योग से 25 फीसदी माल खरीदने का प्रावधान है। उन्होंने यह भी पूछा कि जियाडा ने जितनी भूमि उपलब्ध कराई है, उसमें कितने लघु और सूक्ष्म उद्योग चल रहे हैं। इस पर उद्योग मंत्री संजय सिंह यादव ने कहा कि पूरे राज्य में छोटे उद्यमियों को सरकार बढ़ावा देगी। आवश्यकता होगी तो प्रोक्योरमेंट पॉलिसी में भी परिवर्तन किया जाएगा। छात्र संघ चुनाव कराने की मांग विधायक अरूप चटर्जी ने शून्यकाल में राज्य के विश्वविद्यालयों में सात साल से लंबित छात्र संघ चुनाव कराने और सिंडिकेट के गठन की मांग की। वहीं विधायक ममता देवी ने रामगढ़ कॉलेज को यूनिवर्सिटी में अपग्रेड करने की मांग की। उन्होंने कहा कि रामगढ़ कॉलेज यूनिवर्सिटी की सभी अहर्ता रखता है।

हाईकोर्ट से रूफ टॉप बार और रेस्टोरेंट संचालकों को मिली राहत, नगर निगम के आदेश पर रोक

रांची संवाददाता । झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने शहर के दो रूफ टॉप बार और रेस्टोरेंट संचालकों को बड़ी राहत दी है। खंडपीठ में ग्रीका किचन एवं बार और प्राना लाउंज की याचिका पर सुनवाई करते हुए रांची नगर निगम के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि इनसे लोगों को रोजगार और सरकार को राजस्व की प्राप्ति हो रही है। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया माना कि रांची नगर निगम का आदेश समानता के अधिकार और व्यवसाय करने की स्वतंत्रता का उल्लंघन है। नगर निगम ने दोनों पर अवैध निर्माण का आरोप लगाकर रूफ टॉप बार एंड रेस्टोरेंट बंद करने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ इनकी ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से

अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने अदालत को बताया कि दोनों बार एवं रेस्टोरेंट जिस भवन में चल रहे हैं, उसका नक्शा रांची नगर निगम से स्वीकृत है। रूफ टॉप पर केवल बार एवं रेस्टोरेंट संचालित है। जहां कुर्सी टेबल के अलावा अस्थाई संरचना बनाई गई है। इसका किचन और स्टोर स्वीकृत नक्शा के अंदर संचालित है। दोनों रेस्टोरेंट अग्निशमन सुरक्षा के मापदंड को पूरा कर रहे हैं। विभाग से भी इन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया है। फूड सेफ्टी लाइसेंस, बार लाइसेंस आदि भी सक्षम पदाधिकारी से प्राप्त है। रांची नगर निगम के पास रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट के संचालन को लेकर कोई नियमावली नहीं है। 24 फरवरी को रांची नगर निगम रूफ टॉप बार रेस्टोरेंट को लेकर एक ड्राफ्ट नियमावली बनाई है। इसपर लोगों से आपत्ति मांगी गई है। दोनों रूफ टाप बार एवं रेस्टोरेंट ने म्यूनिसिपल एक्ट 2011 और बिल्डिंग बायलाज 2016 का उल्लंघन नहीं किया है। इसलिए रांची नगर निगमकी ओर से इनको बंद करने का आदेश अनुचित है। इस दौरान रांची नगर निगम की ओर से इन दोनों रेस्टोरेंट की निरीक्षण रिपोर्ट कोर्ट को सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि रांची नगर निगम की ओर से शहरी क्षेत्र में संचालित 33 रूफ टाप बार एवं रेस्टोरेंट को बंद करने का आदेश दिया है।

उपायुक्त ने की ट्रैक्टर वितरण योजना की समीक्षा

खूंटी संवाददाता। मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत सब्सिडी पर ट्रैक्टर सहित खेती के अन्य उपकरण मुहैया कराने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति ने उक्त योजना के लिए प्राप्त लाभुकों की सूची पर चर्चा कर सर्वसम्मति से अनुमोदित किया । योजना के लिए खूंटी जिले को विभाग की ओर से 30 लाभुकों का लक्ष्य प्राप्त था, जिसके तहत जिले में शत प्रतिशत लाभुकों का चयन कर अनुमोदित किया गया है, जिन्हें सब्सिडी दर पर ट्रैक्टर समेत खेती के अन्य उपकरण मुहैया कराये जाएंगे। किसान योजना का लाभ ले सके। पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

डीसी ने कि बैद्यनाथ महोत्सव के आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक

देवघर संताल एक्सप्रेस । राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव, 2025 के सफल आयोजन को लेकर स्थानीय केकेएन स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने तीन दिवसीय राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव के आयोजन को लेकर की जाने वाली विभिन्न तैयारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था, विधि व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही स्टेडियम में आमजनों के सुविधा के अलावा साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, फूड कोर्ट, प्रवेश व निकास द्वार एवं आवश्यक सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का निदेश संबंधित अधिकारियों व कार्यपालक अभियंताओं को दिया। इसके अलावे राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव, 2025 की चल रही तैयारियों का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने कार्यक्रम की भव्यता को ध्यान में रखते हुए कार्य करने का निदेश दिया। साथ ही आमजनों की सुविधा के अलावा क्राउड मैनेजमेंट, ट्रैफिक प्लान एवं वाहनों के पड़ाव हेतु चिन्हित क्लब ग्राउंड व सर्राफ स्कूल परिसर कैम्पस का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। आगे उपायुक्त ने तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, विधि व्यवस्था एवं आयोजित कार्यक्रमों के अलावा स्टेडियम परिसर में अस्थायी कन्ट्रोल रूम बनाने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया, ताकि महोत्सव के दौरान हरेक गतिविधि पर नजर रखी जा सके।

हेलमेट होता तो बच जाती जान! पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर की अपील

देवघर संवाददाता । बीते 2 मार्च को सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत के बाद हंगामा खड़ा हो गया। स्थानीय लोगों और राजनीतिक संगठनों ने पुलिस पर लापरवाही और मारपीट का आरोप लगाते हुए एनएच को जाम कर प्रदर्शन किया। हालांकि, सीसीटीवी फुटेज और पुलिस जांच में स्पष्ट हुआ कि आरोप निराधार थे और महिला की मौत बाइक से गिरने के कारण हुई थी। क्या है पूरा मामला? मोहन शाह अपनी माता रेणु देवी के साथ सारवां जा रहे थे। मेधा सदन अस्पताल के पास उनकी मां बाइक से गिर गईं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद कुछ स्थानीय नेताओं और अन्य लोगों ने इस घटना को पुलिस के खिलाफ भड़काने की कोशिश की। उन्होंने मृतका का शव वाहन चेकिंग स्थल हथगढ़ मोड के आगे हथगढ़ पुल पर लाकर प्रदर्शन किया और पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाते हुए हाईवे को जाम कर दिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला किया गया और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई गई।**मामले में चार प्राथमिक दर्ज** उक्त मामले में ट्रैफिक डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि घटना को लेकर पुलिस ने अलग-अलग धाराओं में चार मुकदमे दर्ज किए हैं। पहला मामला वादी ओम प्रकाश पु.अ.नि.कुंडा थाना के लिखित आवेदन पर कुंडा थाना कांड संख्या-57/25 दर्ज किए है।जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि पुलिस प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी, गाली-गलौज, पुलिस पर हमला, लाठी-डंडों और पत्थरों से वार करना, सरकारी कार्य में बाधा डालना। जिसमें उन्होंने 14 नामजद और कई अज्ञात को आरोपी बनाया है।दूसरा मामला एक महिला पुलिसकर्मी के लिखित आवेदन पर कुंडा थाना कांड संख्या-58/25 दर्ज कराया है। जिसमें एक महिला पुलिसकर्मी की शिकायत पर 14 नामजद और 30-40 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों पर पुलिस प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी, महिला पुलिसकर्मी से छेड़खानी, गाली-गलौज, वाहन जलाने की धमकी और पुलिसकर्मियों पर ईंट-पत्थर व लाठी-डंडों से हमला करने के आरोप हैं।

डायन बिसाही के आरोप में जमकर हुई मारपीट, एक की मौत

दुमका संवाददाता । केंद्र सरकार, राज्य सरकार, शासन-प्रशासन और न्यायालय जहां अंधविश्वास से छुटकारा दिलाने के लिए लोगों को जागरूक करने को लेकर कई योजनाएं चला करोड़ों खर्च कर रही है। वहीं वर्तमान समय में भी लोग अंधविश्वास में पड़े है। प्रशासन आए दिन हाट-बाजारों में डायन बिसाही समेत अन्य अंधविश्वास के प्रति लोगों को जागरूक करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है। वहीं लोगों में जागरूकता कार्यक्रम का कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। आए दिन लोग जमीन पर कब्जा करने के लिए भी ऐसे कुकृत को अंजाम दे रहे है। ऐसा ही एक मामला जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पकड़ियाडीह गांव से सामने आया है। गांव में डायन बिसाही के आरोप में महिलाओं एवं उसके परिजनों से जमकर मारपीट की गई। मारपीट का आरोप दीनू मड़ैया और उसके चार बेटे समेत कुल आठ लोगों पर लगा है। जिसमें तीन महिलाएं भी शामिल है। आरोप है की दीनू मड़ैया अपने पारिवारिक सदस्यों के साथ नरेश राणा के घर पर पहुंच नरेश की मां को डायन बिसाही के आरोप में गाली गलौज करने लगा। बेटे और पति ने जब इसका विरोध किया तो बेटे को पकड़कर बिजली के खंभे से बांध कर उसकी बेरहमी से पिटाई करने लगे। बचाने आए पिता पर भी जानलेवा हमला किया गया। किसी तरह इसकी सूचना मुफस्सिल थाना को दी गई। सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंच घायल पिता पुत्र को इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान नरेश राणा की मौत हो गई। जबकि उसके पिता इलाजरत है। जानकारी के अनुसार पीड़ित पक्ष को डायन बिसाही के आरोप में पहले भी मारपीट की गई थी। पीड़ित की ओर से इसकी शिकायत थाना में की गई थी। थाना की ओर से दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता कराया गया था। इसके बाबजूद दीनू मड़ैया की ओर से अक्सर डायन बिसाही के आरोप में गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। इसी का परिणाम है कि घटना में बेटे की मौत हो गई ।

देवघर : शादी के 19 साल बाद रहस्यमयी मौत, बच्चों को भेजने के बाद हत्या का आरोप

देवघर संवाददाता । जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के उजाला चौक के पास एक घर में महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान 38 वर्षीय बिंदू देवी पति पप्पू मिश्रा के रूप में हुई है। परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही कुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों का आरोप : मृतका के भतीजे विवेकानंद पांडे ने बताया कि बिंदू देवी की शादी 2005 में हुई थी और उनके तीन बच्चे हैं,13 साल की एक बेटी, 8 साल का बेटा और एक छोटा बच्चा। उन्होंने आरोप लगाया कि मुंडन के नाम पर 8 साल के बेटे को दो दिन पहले कहीं भेज दिया गया था, जबकि छोटा बच्चा घर में ही था। रात में हत्या कर बिंदू देवी को फांसी के फंदे पर लटका दिया गया। परिजनों को इस घटना की जानकारी दूर के रिश्तेदार ने फोन पर दी। जब वे मौके पर पहुंचे तो शव जमीन पर पड़ा मिला। कुंडा थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

सीए इंटर परीक्षा में रांची सेंटर से सृष्टि बनी टॉपर

रांची संवाददाता । दी इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया, नई दिल्ली की ओर से आयोजित होनेवाली सीए इंटर की परीक्षा में रांची सेंटर से सृष्टि कुमारी टॉपर रहीं। यह परीक्षा जनवरी माह में आयोजित हुई थी, जिसका रिजल्ट मंगलवार को जारी किया गया है। रांची परीक्षा केंद्र से कुल 600 में से 460 अंक प्राप्त कर सृष्टि कुमारी ने प्रथम, 408 अंक प्राप्त कर प्रीति अग्रवाल ने द्वितीय, 391 अंक प्राप्त कर प्रतीक कुमार सराफ ने तीसरा, 390 अंक प्राप्त कर आयुष कुमार चौथा और 376 अंक प्राप्त कर निहारिका शर्मा क्रमशः पांचवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं सीए इंटरमीडिएट कोर्स में रांची परीक्षा केंद्र से दोनों ग्रुप में शामिल 147 परीक्षार्थियों में कुल 18 दोनों ग्रुप में, नौ पहला ग्रुप और तीन दूसरे ग्रुप में सफल हुए हैं।

रेलवे और एनएचएआई से लेनी चाहिए थी एनओसी : स्पीकर

रांची संवाददाता । विधान सभा में धनबाद में पिछले पांच-साल पहले शुरू हुई पेयजल योजनाओं के पूरा नहीं होने का मुद्दा सदन में गूंजा। इस पर सरकार ने एनओसी नहीं होने के चलते देरी की बात कही तो विधान सभा अध्यक्ष (स्पीकर) राजेन्द्र नाथ महतो को इसमें दखल देना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब डीपीआर बन रही थी, तभी रेलवे और एनएचआई से एनओसी लेनी चाहिए थी। विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन भाजपा विधायक राज सिन्हा ने धनबाद में पेयजल आपूर्ति का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि धनबाद में शुद्ध पेयजल के लिए 917.69 करोड़ की तीन महत्त्वपूर्ण योजनाएं हैं। जो पिछले पांच-छह साल पहले ही शुरू हुई थीं, लेकिन अब तक पूरी नहीं हो पाई हैं। इन योजनाओं में कहीं विभागों से एनओसी प्राप्त न हो पाना, पाइप लाइन बिछाने के कार्य धीमा होना और विभागीय शिथिलता व संवेदकों की मिलीभगत से बार-बार योजनाओं के रि-एस्टीमेट के कारण सिर्फ 60 फीसदी ही योजनाएं पूरी हो पाई हैं। राज सिन्हा ने यह भी पूछा कि पांच साल तक बगैर एनओसी के योजना कैसे शुरू हो गयी। इस योजना के पूरा होने में और कितने साल लगेंगे। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने जवाब देते हुए बताया कि पेयजल योजनाओं को फेज-वन एनओसी मिलने के बाद एक साल में पूरा कर लिया जाएगा। फेज-टू एनओसी मिलने के बाद 15 महीने में पूरा होगा। वहीं झामडा की योजना तीन महीने में पूरी कर ली जाएगी। इस पर विधायक रागिनी सिंह ने भी कहा कि झरिया में पानी की समस्या है।

सीएसआर का पैसा होगा विकास पर खर्च : डॉ रामेश्वर

कांग्रेस के विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि अब राज्य में सीएसआर का पैसा विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। इस पैसे को सरकार सेल गठित कर खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि बजट में पर्यटन और सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए विपक्ष से भी सहयोग देने को कहा। उन्होंने कहा कि समाजिक सुरक्षा के तहत राज्य सरकार राज्यों के हर परिवार को लगभग सात से आठ हजार रुपए प्रतिमाह दे रही है। यह बड़ी उपलब्धि है।

सभी पेंशनभोगियों को दिया गया पेंशन :सुरेश

राजद के विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि राज्य सरकार राज्य के सभी पात्र गरीब और जरूरतमंदों को पेंशन दे रही है। वहीं इसके पूर्व में पेंशन लेने के लिए गरीबों को जूते घिस जाते थे। उन्होंने देवघर में बने एम्स में बाहरी लोगों को नौकरी देने का आरोप केंद्र सरकार पर लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एम्स में अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को नौकरी दे।

धनबाद में बने तीन प्रमंडलों का हो गठन : अरूप

मासस के विधायक अरूप चटर्जी ने राज्य सरकार से धनबाद में तीन प्रमंडलों के गठन की मांग की। उन्होंने कि धनबाद के अलावा निरसा और बाघमारा को प्रमंडल का दर्जा देने की जरूरत है। ताकि, वहां कानून और व्यवस्था की स्थिति को ठीक किया जा सके। साथ ही उन्होंने वहां जाम की समस्या को दूर करने और एयरपोर्ट का निर्माण करने का भी आग्रह सरकार से किया। वहीं बजट पर वाद-विवाद में झामुमो के विधायक अनंत प्रताव देव सहित अन्य ने हिस्सा- लिया।

बोरा बनाने वाली महिलाओं को मिले बाजार : हेमलाल

रांची संवाददाता। बजट सत्र में मंगलवार को भोजनावकाश के बाद झामुमो के विधायक हेमलाल मुर्मू ने बजट के पक्ष में बोलते हुए कहा कि लिटटीपाड़ा के इलाकों में शराब और हड़िया बेचने वाली महिलाएं अब सुतली का बोरा, बरी और बरबटटी बना रही हैं जो सुखद बात है। उन्होंने राज्य सरकार से इन महिलाओं के लिए बाजार मुहैया कराने का आग्रह किया। हेमलाल ने कहा कि इस इलाके की महिलाएं अपने पतियों का शराब की लत छुड़ाने को संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को खुश करनेवाला है। हेमलाल ने कहा कि बजट में सरकार ने राज्य की अर्थव्यवस्था् को 10 ट्रिलियन बनाए रखने का प्रयास किया है। सीएसआर का पैसा होगा विकास पर खर्च ÷ डॉ रामेश्वरकांग्रेस के विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि अब राज्य में सीएसआर का पैसा विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। इस पैसे को सरकार सेल गठित कर खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि बजट में पर्यटन और सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए विपक्ष से भी सहयोग देने को कहा। उन्होंने कहा कि समाजिक सुरक्षा के तहत राज्य सरकार राज्यों के हर परिवार को लगभग सात से आठ हजार रुपए प्रतिमाह दे रही है। यह बड़ी उपलब्धि है।

अर्पिता महिला मंडल ने शांति सदन में कंबल, टॉयलेट्री आइटम्स और भोजन वितरित की

संवाददाता ओरमांझी । अर्पिता महिला मंडल ने समाज सेवा की अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए शांति सदन में एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल के तहत, संगठन की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति सिंहऔर श्रीमती रीता मिश्रा के मार्गदर्शन में मानसिक रूप से अस्वस्थ मरीजों के बीच 50 कंबल, टॉयलेट्री आइटम्स और भोजन के पैकेट वितरित किए। इस सहायता से शांति सदन के निवासियों को ठंड से राहत, व्यक्तिगत स्वच्छता और पोषण प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के जीएम और मुख्यालय की कमेटी मेंबर्स भी उपस्थित रहे और इस मानवीय कार्य की सराहना की। शांति सदन के निवासियों और कर्मचारियों ने इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।अर्पिता महिला मंडल ने इस पहल को अपने सामाजिक सेवा कार्यों की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण कदम बताया। संगठन आगे भी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है और

देवघर में बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

देवघर संवाददाता। नगर थाना क्षेत्र के सलोनाटांड मोहल्ले में 64 वर्षीय प्रभात कुमार सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना के एसआई ललित खालको पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।मृतक प्रभात कुमार सिंह एक एनजीओ चलाते थे और उनके बेटे-बेटी दिल्ली में नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी भी इलाज के लिए दिल्ली गई हुई थी, जिससे वे घर पर अकेले थे। बताया जाता है कि बेटी ने मोबाइल पर सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो देखा कि उनके पिता फांसी पर लटके हुए हैं। बेटी ने घटना की सूचना तुरंत आसपास के लोगों को दी। जब पड़ोसी पहुंचे तो पाया कि मुख्य गेट बंद था लेकिन अंदर का दरवाजा खुला हुआ था। खिड़की से झांकने पर उन्होंने देखा कि प्रभात कुमार सिंह गमछे के सहारे पंखे से लटके हुए थे।नगर पुलिस मौके पर पहुंची और पड़ोसियों की मदद से खिड़की की ग्रिल तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद शव को फांसी के फंदे से उतारा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

जनता दरबार में डीसी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

साहिबगंज । जिला समाहरणालय स्थित डीसी कार्यालय कक्ष में मंगलवार को डीसी हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं.जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंचे थे. डीसी ने एक-एक कर सभी शिकायतकर्ताओं की बातो को सुनीं और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया.शिकायतों में मुख्य रूप से राशन कार्ड, पेंशन, भूमि विवाद, जल आपूर्ति, विद्युत समस्या और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ी समस्याएं शामिल थी. डीसी ने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक शिकायत की भौतिक जांच कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें.एवं जन समस्याओं के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. साथ ही पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निष्पादन के बाद उसकी प्रतिपुष्टि डीसी कार्यालय को अनिवार्य रूप से सौंपें.

एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

साहिबगंज। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार साहिबगंज जिले के बोरियो थाना, बरहेट थाना और रांगा थाना परिसर में आईआरएडी यानी एकीकृत सड़क दुर्घटना डेटाबेस को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.प्रशिक्षण में मुख्य रूप से जिला आईआरएडी प्रबंधक मनोज कुमार ने संबंधित थाना प्रभारी एवं केस के अनुसंधानकर्ता को आईआरएडी और आईआरएडी के तहत दुर्घटनाओं से संबंधित मामलों के आंकड़ों को ऑनलाइन डेटाबेस में अपलोड करने एवं लंबित मामलों के सत्यापन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई.प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले के तीनों थानों के थाना प्रभारी एवं आईओ को सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े लंबित मामलों के सत्यापन एवं डिजिटल अपलोडिंग करने का निर्देश दिया गया.प्रशिक्षण के बाद पूर्व में दर्ज किए गए सड़क दुर्घटनाओं के मामलों का सत्यापन भी किया गया. मौके पर थाना प्रभारी, केस के आईओ एवं जिला आईआरएडी प्रबंधक मनोज कुमार उपस्थित थे.

डीसी ने की पशुपालन एवं गव्य विभाग की समीक्षा

साहिबगंज -जिला समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में पशुपालन एवं गव्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई.बैठक में उन्होंने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.उन्होने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार सृजन, पशु उत्पादकता में वृद्धि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में चल रही योजनाओं की जानकारी ली. इस योजना के तहत गौ पालन, बकरी पालन, सूअर पालन, कुक्कुट पालन एवं बत्तख पालन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं शामिल हैं.डीसी ने बकरा विकास योजना, सूअर विकास योजना, बैकयार्ड लेयर कुक्कुट योजना, बॉयलर कुक्कुट पालन योजना, बत्तख चूजा वितरण योजना, गव्य विकास योजना एवं मिनी डेयरी योजना के तहत लाभुकों को समय पर लाभ देने का निर्देश दिया. साथ ही हस्त एवं विद्युत चलित चैफ कटर वितरण, प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता एवं तकनीकी इनपुट सामग्रियों के वितरण की भी समीक्षा की.उन्होने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों को समय पर मिले. ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देकर आजीविका के साधन को मजबूत किया जा सके.बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी संतलाल प्रसाद सहित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के प्रधान लिपिक के निधन पर शोक सभा आयोजित

साहिबगंज- जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में पदस्थापित प्रधान लिपिक के पद पर कार्यरत मनोज कुमार झा का बीते दिन 4.30 बजे अचानक निधन हो गया.वे विगत कई माह से अस्वस्थ चल रहे थे. खबर मिलते ही कार्यालय कर्मी में शोक की लहर दौड़ गई. वही सोमवार को जिला शिक्षा अधीक्षक एवं झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय के कर्मियों ने कार्यालय परिसर में दो मिनट का मौन रख कर मृत आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं इस दुख के घड़ी में परिवारजनों को सहन शक्ति देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने कहा की प्रधान लिपिक मनोज कुमार झा एक मेहनती ,मिलनसार एवं नेक व्यक्तित्व के व्यक्ति थे.वे काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे. अचानक हम लोगों के बीच से चले जाने से काफी दुख हुआ है. इस दुख में हम सभी उनके परिवार के साथ है.वही मनोज कुमार झा अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार को छोड़ गए.

मुख्यमंत्री सारथी योजना का प्रशिक्षण मे निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण पर चर्चा

मंडरो । प्रखंड सभागार में मंगलवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्रशिक्षक तनवीर आलम के द्वारा बीडीओ मेघनाथ उरांव कि उपस्थिति में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया.वहीं प्रशिक्षण में बताया गया कि आंगनबाड़ी सेविका अपने-अपने पोषक क्षेत्र के अंतर्गत पांचवी से लेकर मैट्रिक व इंटरमीडिएट पास 18 वर्ष से लेकर 35 वर्ष तक के लोगों को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत 3 महीने का निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा.जिसमें पुरुष को रांची मे फिटर,आटोमोटिव इलेक्ट्रीशियन,असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन,वेल्डिंग मशीन, सोलर,स्मार्टफोन व कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाएगा.जबकि महिलाओं को स्विंग मशीन, ऑपरेटर जनरल ड्यूटी सहायक, ब्यूटीशियन,फैशन डिजाइनर,कंप्यूटर ट्रेनिंग,इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स का प्रशिक्षण साहिबगंज लोहंडा पेट्रोल पंप के नजदीक प्रशिक्षण दिया जाएगा. वहीं दुरी ओर मंईया सम्मान योजना को लेकर बैठक किया गया. बैठक में बीडीओ मेघनाथ उरांव ने मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का योग्य और आरोग्य लाभार्थियों का फॉर्म सही तरीके से सत्यापित करना है.जो अयोग्य हो उसका करना उचित कॉलम मे सही भरना है.बैठक में बताया गया की सभी आंगनबाड़ी सेविका अपने सभी सत्यापित फार्म को महिला पर्यवेक्षिका को तीन दिन के अंदर सभी फॉर्म को जमा कर दें.मौके पर बीडीओ मेघनाथ उरांव, महिला पर्यवेक्षिका शांति हांसदा आंगनबाड़ी सेविका सेलीन किस्कु,नीता कुमारी,सुभाषणी टुडू,ललिता देवी,रुखसाना कमर अंसारी, मालोती मुर्मू,सविता देवी, प्रियंका देवी सहित प्रखंड क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी सेविका बैठक में उपस्थित थी.

नवोदय विद्यालय में 400 छात्रों को टीडी 10 और टीडी16 का लगा टीका

साहिबगंज-साहिबगंज नगर के स्टेडियम रोड स्थित श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में मंगलवार को टीडी 10 और टी डी16 डिप्थीरिया और टेटनस से बचाव के लिए जिला स्तरीय टीकाकरण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ प्रवीण संथालिया, प्राचार्य डॉ आर के कपूर ने दीप प्रज्वलित कर किया. वही सीएस ने कहा कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना ही आज की सबसे बड़ी चुनौती है. बीमारियों के ईलाज से बेहतर है बचाव के उपाय अपनाना. समय पर टीका लेने से हम बीमारियों से बच सकते हैं. वही विद्यालय के 10 वर्ष से 16 वर्ष तक के लगभग 400 छात्र छात्राओं को टीका लगाया गया. मौके पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि डा धारण प्रसाद, जिला प्रजनन एवं बाल पदाधिकारी डॉ किरण माला, मो अशरफ, जगदीश उपाध्याय, पवन, अनीश भक्त, संजीव कुमार, वेद प्रकाश, विजय यादव, राजु गोंड, अभिलाषा तिवारी, श्वेता, प्रिया भारती, पंकज सहित अन्य उपस्थित थे.

बकाया मानदेय भुगतान को लेकर आकांक्षा ड्राइवर व कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त,कूड़े का उठाव शुरू

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज

साहिबगंज । आकांक्षा कम्पनी के ड्राइवर व कर्मचारियों ने एक मार्च से दो माह का बकाया मानदेय के भुगतान के मामले को लेकर साहिबगंज नगर परिषद के 28 वार्डों मे हो रहे डोर टू डोर कुड़ा का उठाव का कार्य बाधित कर दिया था.आकांक्षा कम्पनी के ड्राइवर व कर्मचारियों का कहना था कि हमलोगो का मानदेय बकाया रहने के कारण हमलोग की हालत बिगड़ने लगती है.जिसके कारण ही हमलोग बकाया मानदेय भुगतान को लेकर हड़ताल किये थे.वही मंगलवार को चौथे दिन हड़ताल समाप्त हो जाने पर मंगलवार से नगर मे 6-7 वाहनो का संचालन कर कुड़े का उठाव कार्य प्रारंभ हो गया.इस संबंध मे आकांक्षा कंपनी के साइट इंचार्ज धीरज कुमार ने बताया कि ड्राइवर व कर्मचारियों से वार्ता हुई जिसमे कहा गया कि दो दिनो के अंदर हर हाल मे बकाया मानदेय का भुगतान कर दिया जाएगा.तब जाकर ड्राइवर व कर्मचारियों ने हड़ताल को समाप्त कर कार्य पर लौट गये.उन्होने बताया कि बुधवार से नगर के 28 वार्डों मे डोर टू डोर कुड़ा का उठाव पूर्व की तरह होने लगेगा.

नगर प्रशासक ने कहा

साहिबगंज - आकांक्षा कंपनी के कर्मचारियों से वार्ता कर हड़ताल समाप्त करा दिया गया है.मंगलवार को 6-7 वाहनों के माध्यम से कुड़े का उठाव किया गया.बुधवार से सभी वार्डो मे डोर टू डोर कुड़े का उठाव होने लगेगा.अभिषेक कुमार सिंह प्रशासक नगर परिषद साहिबगंज

फॉसिल्स विशेष संवाद में ज्वालामुखीय चट्टानों के निर्माण व इंटरट्रैपियन स्तरों में पाए जाने वाले वनस्पति जीवाश्मों पर चर्चा

साहिबगंज । भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर जीएसआई राज्य इकाई झारखंड ने वन प्रमंडल कार्यालय साहिबगंज के सहयोग से झारखंड के साहिबगंज जिले के मंडरो फॉसिल पार्क में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया. जीएसआई राज्य इकाई झारखंड के भूविज्ञानी सौरभ पाल ने राजमहल क्षेत्र में ज्वालामुखीय चट्टानों के निर्माण, इंटरट्रैपियन स्तरों में पाए जाने वाले वनस्पति जीवाश्मों और प्रागैतिहासिक जैव विविधता को समझने में भूविज्ञान की भूमिका पर चर्चा की.उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जीवाश्मों और चट्टानों के सूक्ष्म अध्ययन से उनकी पहचान और वर्गीकरण में सहायता मिलती है. जीएसआई राज्य इकाई झारखंड की भूवैज्ञानिक अंजलि पाल ने भूविज्ञान में कैरियर के अवसरों के बारे में जानकारी दी और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के कार्यों पर प्रकाश डाला. उन्होंने जीएसआई के गौरवशाली इतिहास की भी चर्चा की जो इस वर्ष अपनी 175वीं वर्षगांठ मना रहा है.मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग,जीएसआई राज्य इकाई झारखंड के भूविज्ञानी सौरभ पाल,भूवैज्ञानिक अंजलि पाल, प्रोफेसर डॉ रंजीत कुमार सिंह व स्कूली बच्चे मौजूद थे.

जर्जर लैम्प भवन को जेसीबी से किया ध्वस्त

मंडरो -प्रखंड परिसर स्थित पुराने एवं जर्जर लैम्प भवन को प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव के उपस्थिति में मंगलवार को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया. वहीं जानकारी देते हुए बीडीओ मेघनाथ उरांव ने बताया कि जर्जर हो गये लैम्प भवन को ध्वस्त कर दिया गया है. ताकि उस जगह पर नये भवन का निर्माण कराया जा सके. कहा कि पुराना लैम्प भवन के छत से बरसात के दिनों में पानी टपकता रहता था.जिसके कारण ऑफिस के कई जरूरी कागजात एवं फाइल पानी लगने से खराब हो गई थी.जबकि यहां के कर्मी हमेशा डरे रहते थे की कहीं इस भवन का छत गिर ना जाए.इसी को देखते हुए आदेश पारित कर पुराने जर्जर भवन को तोड़वाया गया है.कि यहां पर नए भवन का निर्माण कराया जा सके और वहां कार्य करने वाले कर्मी को डर के काम नहीं करना पड़े.

नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू

साहिबगंज बोरियों प्रखंड अंतर्गत बांझी बाजार में मंगलवार को भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ शुरू हुआ .सुबह से ही काफी संख्या में कई गांव की महिलाएं कलश शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए यज्ञ स्थल पर पहुंचने लगी थी. शांतिकुंज से आये प्रतिनिधि अनिल कुमार ने उपस्थित लोगो का स्वागत किया. उन्होंने बताया कि सनातन धर्म में नीतीश कोटि देवी देवताओं को कलश में आवाहन पूजन कर सबों के सुख शांति की कामना के साथ उन्हें स्थापित किया जाता है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोरियो थाना प्रभारी पंकज वर्मा ने गायत्री महामंत्र के सामूहिक पाठ के साथ दीप प्रज्वलित कर कलश शोभायात्रा का विधिवत उद्घाटन किया मौके पर थाना प्रभारी श्री वर्मा ने गायत्री परिवार के सामाजिक कार्यों की सराहना की और सबों के सुख शांति एवं समृद्धि की शुभकामनाएं दी. कलश शोभा यात्रा की शुरुआत यज्ञ स्थल से होकर बांझी बाजार के विभिन्न मार्गो से होकर यज्ञ स्थल पर पहुंच कर संपन्न हुआ.मौके पर अनीता देवी, करुणामई भारती, संगीता कुमारी, मधु कुमारी ,शारदा सुमन ,शांति देवी, प्रियंका देवी, कोमल देवी ,रानी देवी ,प्रिया कुमारी ,अंशु कुमारी, सुगंधा कुमारी, नीतू कुमारी ,साक्षी सुमन, मधु कुमारी सहित सैकड़ो महिला व पुरुष मौजूद थे. महायज्ञ के संयोजक सुशील भगत ने बताया कि बुधवार को नव कुंडीय गायत्री हवन में का शुभारंभ होगा. इससे पहले देव आवाहन पूजन आदि किया जाएगा.

कृषि महाविद्यालय के छात्रों ने किसानों से की आधुनिक के साथ-साथ जैविक खेती अपनाने की अपील

साहिबगंज -ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के तहत् भागलपुर के तिलकामांझी कृषि महाविद्यालय के छात्र चेतन सिंह, उत्तम कुमार साह, सौरव कुमार, अंकित मोहन मिश्रा ने मंगलवार को साहिबगंज जिले के किसानों को बीजामृत, जीवामृत और नीमास्त्र बनाने की विधि विस्तार से बताई.छात्रों ने बताया कि आधुनिक खेती के साथ-साथ जैविक विधि अपनाने से मिट्टी की उपजाऊ क्षमता और फसलों के पोषक तत्वों में वृद्धि होती है. जिससे किसानों को अच्छा उत्पादन मिल सकता है और उनकी आय में भी बढ़ोतरी हो सकती है. जैविक खेती से मिट्टी की सेहत भी बेहतर रहती है और यह पर्यावरण के लिए भी लाभकारी है.प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों को जैविक खेती के लाभ और इसे अपनाने की विधियों के बारे में जागरूक करना है. इस पहल से उम्मीद जताई जा रही है कि किसान अपनी खेती में सुधार करेंगे और उनके द्वारा अपनाए गए जैविक उपायों से उनका उत्पादन बढ़ेगा.कार्यक्रम में पंचायत समिति सुनील कुमार मंडल, अनुभवी किसान गणेशी मंडल, लक्ष्मण राय, नंदकीश्वर साव, गुड्डू राय, युवा किसान निक्कू राय, मनीष कुमार मंडल उपस्थित थे.

बोरियो में समुदाय आधारित अनुश्रवण प्रणाली पर एक दिवसीय ब्रीफिंग

साहिबगंज । झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी पलाश के सौजन्य से बोरियो प्रखंड के सीएमटीसी में समुदाय आधारित अनुश्रवण प्रणाली पर एक दिवसीय ब्रीफिंग का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में जिला प्रबंधक एमआईएस रवि शंकर और बोरियो के बीपीएम चांद अकरम की उपस्थिति में प्रखंड के विभिन्न कैडरों को समुदाय आधारित निगरानी प्रणाली के तहत डाटा संग्रहण और प्रपत्र भरने की विस्तृत जानकारी दी गई.जिला प्रबंधक रवि शंकर ने कहा कि यह प्रणाली सखी मंडल और ग्राम संगठन के द्वारा किए गए कार्यों की निगरानी और पारदर्शिता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी.कैडर गांवों में जाकर तीन दिनों तक सखी मंडल और ग्राम संगठन द्वारा किए गए कार्यों का अनुश्रवण करेंगे. जिससे परियोजना को वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त होगी.बीपीएम चांद अकरम ने बताया कि इस प्रणाली से सखी मंडल और ग्राम संगठन की खाता-बही के संधारण की स्थिति स्पष्ट होगी. जिससे वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता बढ़ेगी.कार्यक्रम के दौरान कैडरों को प्रपत्र भरने की प्रक्रिया के साथ-साथ सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न सुविधाओं की निगरानी व डाटा संग्रहण के महत्व पर भी जानकारी दी गई.

पांच दिनों के अंदर लंबित शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

बरहरवा-शेरशाहबादीसंगठन के सदस्य अजमाइल हक व इस्तियाक अलम ने कहा कि विगत 16 दिसंबर 2024 को शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन अंचल अधिकारी के समक्ष दिया गया था.अंचल अधिकारी के आदेश के उपरांत प्रक्रिया अनुसार हल्का कर्मचारी द्वारा अपना स्थानीय जाँच तथा ग्राम सभा करके अपना रिपोर्ट अंचल निरीक्षक को जमा कर चुके हैं तथा अंचल निरीक्षक ने भी अपना मंतव्य अंचल अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर चुके हैं. परन्तु अंचल अधिकारी अभी तक उपरोक्त आवेदनों को लेकर बैठे हुए है और जब हम आवेदक इसकी जानकारी लेने की कोशिश करते है तो अंचल कार्यालय में मौजूद नभी रहते है और आज भी घंटो प्रतीक्षा के बाद भी वार्ता न होने से आक्रोशित संगठन के सदस्य ने चेतावनी देते हुए कहा यदि लंबित शेरशाहबादी जाति के आवेदनों का निष्पादन जल्द नहीं हुआ तो अंचल कार्यालय में तालाबंदी या सड़क जाम करने पर मजबूर होंगे.

मौसम में हो रहे बदलाव से सदर अस्पताल मे बढ़ा मरीजों का दबाव

साहिबगंज- मौसम मे हो रहे बदलाव के कारण साहिबगंज जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो मे मौसमी बिमारियों के अलावे लोग सर्दी खांसी से पिड़ित होकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंच रहे है.जिसके कारण सदर अस्पताल के ओपीडी व आईपीडी मे मरीजों की संख्या बढ़ गई है.अस्पताल सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल मे इलाज के लिए पेट दर्द, कै-दस्त ,वायरल फीवर , सर्दी-खांसी से पीड़ित इलाज के लिए भर्ती है. आँकड़ो पर गौर करे तो प्रतिदिन सदर अस्पताल के आईपीडी मे इलाज कराने पहुंचने वाले मरीजो की संख्या 45 से 50 है.सदर अस्पताल का सभी वार्डो का बेड मरीजो से भरा पड़ा है.ओपीडी में इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है.मंगलवार को ओपीडी मे दो चिकित्सक बैठकर मरीजों को देख रहे थे इसके वावजूद मरीजों की लम्बी कतार लगी हुई थी.वही सदर अस्पताल का सभी वार्ड मरीजों से भरा पड़ा है.

नवनियुक्त ज़िला अध्यक्ष अरुण के साथ पंकज मिश्रा से मिली झामुमो की नई कमिटी

साहिबगंज- झारखंड मुक्ति मोर्चा की साहिबगंज जिले की नई ज़िला कमिटी के नव नियुक्त ज़िला अध्यक्ष अरुण सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को झामुमो ज़िला संयोजक प्रमुख पंकज मिश्रा के आवास मे मुलाकात की. मौके पर नव मनोनीत अध्यक्ष अरुण सिंह, ज़िला सचिव सुरेश टूडू, उपाध्यक्ष प्रो मोज़म्मिल हक़, संजीव सामू हेंब्रम, कोषाध्यक्ष सुरेश साह ने पंकज मिश्रा को पुष्प गुच्छ देकर उनका आभार जताया. साथ ही नई ज़िला कमिटी के पदाधिकारियों ने पार्टी के नीति व सिद्धांतों, निर्देशों पर अमल करने, पार्टी व कार्यकर्ता हित में कार्य करने व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही.

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक मे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने पर चर्चा

साहिबगंज -जिला समाहरणालय सभागार में मंगलवार को डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं और कार्यों की समीक्षात्मक बैठक हुई .बैठक में अस्पताल प्रबंधन समिति, रोगी कल्याण समिति, जिला एनएचएम टास्क फोर्स और स्वास्थ्य विभाग के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई.बैठक मे डीसी ने पदाधिकारियों से सभी लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए. कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.सदर अस्पताल में मुस्कान सर्टिफिकेशन प्रक्रिया में आ रही परेशानियों की जानकारी ली. इस संबंध में उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द सभी आवश्यक संसाधनों को जुटाकर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि अस्पताल को मुस्कान सर्टिफिकेशन प्राप्त हो सके. जिले में संचालित चलंत एवं अचलंत एंबुलेंस सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली. उन्होंने निर्देश दिया कि सभी एंबुलेंस सेवाएं तय समय पर सुचारू रूप से संचालित की जाएं. ताकि किसी भी मरीज को समय पर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके.बैठक में सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिना, सभी प्रखंडों के एमओआईसी कई कर्मचारी मौजूद थे.

विज्ञान प्रदर्शनी मे बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

साहिबगंज। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत् जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन मंगलवार को साहिबगंज नगर के उत्क्रमित उच्च विद्यालय पुलिस लाइन मे किया गया. प्रदर्शनी का उद्घाटन क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक संथाल परगना प्रमंडल सह जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा एवं जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने दीप प्रज्वलित कर किया. अतिथियों का स्वागत कुमारी डॉली व शबनम तबस्सुम ने पुष्प गुच्छ देकर की.प्रदर्शनी में प्रखंड स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालयों के बच्चो ने भाग लिया.जिला स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय साहिबगंज ने प्रथम स्थान, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवगछि राजमहल ने द्वितीय स्थान एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोटी बगियामारी तालझारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया.पुरस्कृत होने वाले प्रतिभागियों को अतिथियो ने प्रमाण पत्र व मोमेंटम देकर पुरस्कृत किया.कार्यक्रम में निर्णायक मंडली में प्रभात कुमार, प्रणव शर्मा एवं मोहम्मद फारूक हुसैन शामिल थे.कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला एमआईएस प्रभारी मनीष कुमार गुप्ताने किया.मौके पर सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा परियोजना के आदित्य कुमार, जयंत कुमार ,प्रदीप मंडल वीर प्रकाश, मनोज कुमार सहित विधालयो के शिक्षक शिक्षिका व व स्कुली बच्चे उपस्थित थे.

समेकित कृषि संकुल उन्मुखीकरण सह कार्यशाला एवं आजीविका सेवा केंद्र का उद्घाटन

साहिबगंज। जिले के बोरियो प्रखंड में समेकित कृषि संकुल उन्मुखीकरण सह कार्यशाला एवं आजीविका सेवा केंद्र का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड प्रमुख, जिला प्रबंधक, बीपीएम,सीसी, पीआरपी कैडर एवं सखी मंडल की सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी रही. कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण किसानों एवं महिलाओं को संगठित कर उनकी आजीविका में स्थिरता लाना और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देना था. आजीविका सेवा केंद्र के माध्यम से ग्रामीण किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों, प्रशिक्षण और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी. जिससे उनकी उपज और आय में वृद्धि हो सके. उपस्थित पदाधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने समेकित कृषि संकुल की अवधारणा, इसके लाभ एवं क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी. कार्यशाला में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही. जिससे उनके आत्मनिर्भरता के मार्ग को और सशक्त किया जा सके.कार्यक्रम के दौरान बीज वितरण भी किया गया. जिससे स्थानीय किसानों को उत्तम गुणवत्ता वाले बीज प्राप्त हुए. इससे कृषि उत्पादकता में वृद्धि होने और किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलने की उम्मीद है.इस महत्वपूर्ण पहल से बोरियो एवं आसपास के क्षेत्रों के किसानों और आजीविका संगठनों को बेहतर संसाधन, प्रशिक्षण और बाजार से जुड़ने के अवसर मिलेंगे. समावेशी विकास और सतत् कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रखा है.

प्रशिक्षण में सहिया को दी गई स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी

साहिबगंज। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य पदाधिकारी किरण माला के द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड अंतर्गत महिला आरोग्य समिति पुरानी साहिबगंज स्थित अटल मुहल्ला क्लिनिक में शहरी सहिया का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कि शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया.मौके पर मौजूद सहियाओ को जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य पदाधिकारी किरण माला ने उनके कार्यो, संचालित स्वास्थ्य योजना,लोगो तक कैसे स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सकता है सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई.मौके पर डा किरण माला, आरसीएच के लिपिक आदित्य कुमार,मुनीजी पांडे सहित शहरी क्षेत्र की सहिया मौजूद थे.

एसआरएम की टीम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

साहिबगंज- सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में एसआरएम की टीम के अध्यक्षता में बैठक हुई .बैठक में जिले के सभी प्रखंडों के स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र के प्रभारी एवं बीपीएम,लेखपाल, डीपीएम, डीएएम,ओर अन्य स्वास्थ केंद्र के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा कि.एसआरएम की टीम ने एक एक कर सभी पदाधिकारियों से पूछ ताछ कि ओर जानकारी हासिल किया.

चांद- भैरो और फूलों -झानो इंडोर स्टेडियम में खेल बैंक का डीसी ने किया उद्घाटन

साहिबगंज - साहिबगंज में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चांद भैरो और फूलों झानो इंडोर स्टेडियम में खेल बैंक की स्थापना की गई है. इसका उद्घाटन डीसी हेमंत सती ने मंगलवार की शाम फीता काटकर किया. मौके पर डीसी ने कहा कि खेल बैंक का उद्देश्य जिले के खिलाड़ियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराकर उनकी प्रतिभा को निखारना है. इससे जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों को बड़ी राहत मिलेगी. उन्होंने कहा कि यह पहल खिलाड़ियों के सपनों को साकार करने में मददगार साबित होगी.खेल बैंक के माध्यम से फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल समेत कई खेलों की सामग्री खिलाड़ियों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी. इस दौरान कई खिलाड़ी, खेल प्रेमी और पदाधिकारी मौजूद थे.

महिला के शव का किया गया अंतिम संस्कार

साहिबगंज- जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के अंजुमन नगर के आगे भुजवा टोला के समीप झाड़ियों से पिछले दिनों बरामद हुई एक अज्ञात महिला के शव का पुलिस के मौजूगी मे अंतिम संस्कार किया .ज्ञात हो कि उक्त इलाके से गुरुवार को अज्ञात महिला का शव अर्द्धनग्न अवस्था में बरामद हुई थी. पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव की शिनाख्त के लिए 72 घंटे के लिए पोस्टमार्टम हाउस के मर्चरी में सुरक्षित रखा दिया था.निर्धारित समय तक शव का शिनाख्त नहीं होने और किसी दावेदार वे सामने नहीं आने के बाद पुलिस ने शव का अंतिम संस्कार करवा दिया.

नप क्षेत्र में बढ़ा मच्छरों का प्रकोप, नहीं किया जा रहा है फॉगिंग

साहिबगंज। साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्र के 28 वार्डू में इन दिनों मच्छर एवं मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है. शाम दिन में भी मच्छर के प्रकोफ से नगरवासियों परेशान है. साहिबगंज नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने का दारोमदार रखने वाले नगर परिषद कार्यालय से लेकर लोगों का स्वास्थ्य का ख्याल रखने वाले स्वास्थ्य विभाग तक मच्छर मक्खियों का प्रकोप है. नगरवासियों के साथ साथ सरकारी कार्यालय कर्मी भी मच्छर मक्खियों से परेशान है. दिन में ही कार्यालयों में कर्मी मच्छर भगाने वाले मार्टिन जलाकर इससे बचने का प्रयास करते है.शहर में कोई पूजा त्योहार होने पर ही ब्लीचिंग पाउडर मे चुना पाउडर में मिलाकर गली व मुहल्ला मे छिड़काव किया जाता है.मिली जानकारी के अनुसार नियमित ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव शहर के किसी भी वार्ड में नहीं होता है. अब तो ब्लीचिंग पाउडर के जगह सफेद चुना पाउडर छिटकर कार्य किया जा रहा है. वही मच्छरों का प्रकोप को कम करने के लिए नगर परिषद के द्वारा फॉगिंग रेगुलर नहीं की जाती है. **क्या कहते है नप प्रशासक** साहिबगंज -नगर परिषद के गली में फॉगिंग कराने का व्यवस्था जल्द ही किया जाएगा. ब्लीचिंग पाउडर क्रय किया जा रहा है. जल्द ही ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नप के सभी वार्डो में कराया जाएगा.नालियो की समुचित साफ सफाई कराई जा रही है.

राजमहल व उधवा के सिंचाई नाला का जिर्णोद्धार करें विभाग : विधायक

साहिबगंज । राजमहल विधानसभा के विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने सदन के शून्य काल प्रश्न में विधानसभा क्षेत्र के राजमहल एवं उधवा प्रखंड के हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि जो सिंचाई के अभाव में अनुपयोगी है. उसके सिंचाई की व्यवस्था की मांग को सदन के पटल पर रखे. उन्होंने सदन के माध्यम से विभाग को अवगत कराया है कि राजमहल प्रखंड के कन्हैया स्थान, कसवा व नौगच्छी में गंगा नदी से कनेक्टिंग सिंचाई नाल है. जिसके माध्यम से अनंत सरोवर जल्ला, बडहेल झील ,पूर्णिया झील, उधवा प्रखंड के राधानगर,फुदकीपुर, बेगमगंज व आतापुर के इलाके में हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि है और भूमि के आसपास सिंचाई नाला निर्मित है जो जीर्ण शीर्ण अवस्था में है. गंगा नदी से कनेक्टिंग में जो भी लिफ्ट एरीगेशन का कार्य है उसे करते हुए सभी सिंचाई नाला का जिर्णोद्धार हो ताकि हजारों एकड़ भूमि में सिंचाई की व्यवस्था हो सके और किसान कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ सके. राजमहल विधानसभा क्षेत्र में कृषि का क्षेत्र बड़े पैमाने पर रोजगार का अवसर प्रदान करता है. इसलिए इस दिशा में पहल करने की आवश्यकता है. इधर सदन में विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से सकारात्मक आश्वासन मिला है.

घरेलू विवाद में पति ने पत्नी को बेरहमी से पीटा,

साहिबगंज- जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर इमली टोला निवासी करिश्मा कुमारी ने अपने पति पर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने का आरोप लगाई है. घायल करिश्मा कुमारी ने बताई की मेरेपति विकास मंडल ने बेरहमी से मेरे साथ मारपीट कर मुझे गंभीर रूप से घायल कर दिया.घायल महिला को परिजनों ने इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल मे भर्ती कराया.जहां चिकित्सक डा अलीमुद्दीन अंसारी ने करिश्मा का इलाज किया. करिश्मा ने बताया कि मेरे पति द्वारा मुझे मारपीट किया गया पूर्व में भी मेरे साथ कई बार मारपीट किया है. जिसको लेकर मैने पुलिस के पास लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज करवाई थी .केस उठाने के लिए मेरे पति बार-बार बोल रहे थे.जबकि मैंने बोली भी थी केस उठा लूंगी. सोमवार की रात्रि शराब पीकर आये और मुझे बहरेमी से मरने लगे .जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गई. परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया. पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है.

फुटबॉल टूर्नामेंट में मालदा की टीम ने डाटापाड़ा के टीमों को किया पराजित, फाइनल टूर्नामेंट कल

बरहरवा- प्रखंड के पथरिया पंचायत में आयोजित सोलह टीमों के बीच फुटबॉल मैच में आज मालदा और डाटापाड़ा के मैच में मालदा के टीम ने डाटापाड़ा को अपराजित करते हुए विजय हासिल किया. इस प्रतियोगिता के फ़ाइनल विजेता टीम को एक लाख का पुरस्कार दिया जाएगा. इस फुटबॉल टूर्नामेंट मे प्रतियोगिता का एंट्री फीस 5000 रुपया है. आज के इस मैच में पथरिया पंचायत के मुखिया सह फुटबॉल कमिटी के अध्यक्ष मनोज जॉन हेंब्रम ने यह जानकारी मैच के दौरान दी. उन्होंने बताया कि हमारे पंचायत से प्रत्येकवर्ष कमिटी का निर्माण कर फुटबॉल प्रतियोगिता करवाया जाता है. जिससे युवा का खेल के प्रति रुझान हो सके। खेल के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रख सकते है जिससे शसक्त युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके. मैच के दौरान कमिटी के सभी सदस्य अपने दिए हुए दायित्व को पूरा कर रहे थे. जिससे खिलाड़ियों को कोई परेशानी न हो. फाइनल मैच कल खेला जाएगा.

क्रिप्टो करेंसी डुबाएगी दुनिया की अर्थव्यवस्था

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव के समय घोषणा की थी- क्रिप्टो स्ट्रैटेजिक रिजर्व स्थापित करेंगे। इसमें दुनिया भर में जितने भी क्रिप्टो करेंसी के प्लेटफार्म हैं, उन्हें शामिल किया जाएगा। क्रिप्टो रिजर्व में बिटकॉइन, एथेरियम, एक्सआरपी सोलना और एडीए क्रिप्टो करेंसी शामिल हैं। अमेरिका के इस फैसले से दुनिया भर में डॉलर और शेयर बाजार मे इसका असर देखने को मिलेगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका की वित्तीय प्रणाली को मजबूत करने के लिए डिजिटल करेंसी को बढ़ावा देने का अभियान शुरू किया है। आर्थिक मंदी से निपटने के लिए उन्होंने इसे एक विकल्प बताना शुरू कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है, इससे डॉलर की स्थिरता बढ़ेगी। बडबोले ट्रंप ने कहा, वह अमेरिका को क्रिप्टो राजधानी बनाकर रहेंगे। शुक्रवार को व्हाइट हाउस में क्रिप्टो करेंसी का शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। सोलना का प्लेटफार्म ट्रम्प द्वारा शुरू की गई ट्रंप कॉइन सहित अन्य क्रिप्टो करेंसी को संचालित करता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस निर्णय के बाद क्रिप्टो करेंसी में लगभग 62 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। ट्रंप के निर्देशानुसार अमेरिका की ट्रेजरीएक्सचेंज स्थिरीकरण के लिए मानदंड तैयार कर रही है। इसके जरिए क्रिप्टो करेंसी के रिज़र्व और डॉलर रिजर्व के बीच में संतुलन बनाने की बात कही जा रही है। ट्रंप की इस घोषणा के बाद कारडोनो क्रिप्टो करेंसी में 62 फीसदी का उछाल आया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप क्रिप्टो करेंसी को जो खेल, खेल रहे हैं इसका असर दुनिया भर के शेयर बाजारों पर पड़ना तय माना जा रहा है। इसके अलावा डॉलर मुद्रा जो अभी तक वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य मुद्रा थी, उस पर भी विपरीत असर पड़ना तय माना जा रहा है। ट्रम्प क्रिप्टो करेंसी को वैश्विक कारोबार के लिए डॉलर के समानांतर खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। क्रिप्टो करेंसी से वैश्विक कारोबार करने की बात कही जा रही है। अमेरिका की अर्थव्यवस्था गड़बड़ा रही है। इसको देखते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका से ज्यादा अपने निजी कारोबारी हितों को ध्यान में रखते हुए क्रिप्टो करेंसी को बढ़ावा देने की शुरुआत की है। ट्रंप का यह आखिरी कार्यकाल है। इसका वह भरपूर फायदा उठा लेना चाहते हैं। राष्ट्रपति बनने के पहले ट्रंप ने, ट्रंप कॉइन को बाजार में लॉन्च किया है। इसके माध्यम से उन्होंने काफी पैसा जमा कर लिया है। अभी तक वैश्विक मुद्रा के रूप में डॉलर की मान्यता थी। डोनाल्ड ट्रंप अब डिजिटल करेंसी को बढ़ावा दे रहे हैं। इस व्यवस्था को अभी दुनिया के देशों ने स्वीकार नहीं किया है। डॉलर और अन्य देशों की जो मुद्रा है, वह उन देशों के सोने के भंडार विदेशी मुद्रा और अन्य अंतरराष्ट्रीय मानदंड से तय होती है। क्रिप्टो करेंसी डिजिटल मुद्रा है, जिसका भगवान ही मालिक है। क्रिप्टो करेंसी का मूल्य शेयर बाजार की तरह खरीद और बिक्री के आधार पर तय होता है। शेयर का वास्तविक मूल्य 10 रूपये होता है। कंपनी अपने प्रीमियम को जोड़कर कई गुना महंगे दामों पर निवेशकों को शेयर बेचती है। वहीं शेयर दुनिया भर के शेयर बाजारों में वास्तविक मूल्य और प्रीमियम मूल्य से कई गुना ज्यादा मूल्य पर मांग और आपूर्ति के आधार पर कारोबार करता है। शेयर बाजार में जिस तरह से धारणा के आधार पर सट्टेबाजी होती है, वही स्थिति क्रिप्टो करेंसी की है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से स्वर्ण युग की कल्पना को साकार करना चाहते हैं। दुनिया भर में इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक इवेंट माना जा रहा है। क्रिप्टो करेंसी को बढ़ावा देने पर नैतिकता तथा वास्तविक स्वरूप और भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर बढ़ना तय माना जा रहा है।

फिल्म छावा की रिलीजिंग के बाद से देश भर में मुगल बादशाह औरंगजेब को लेकर विवाद !

अशोक भाटिया , मुंबई

बॉक्स ऑफिस की ब्लॉक बस्टर फिल्म छावा की रिलीजिंग के बाद से देश भर में मुगल बादशाह औरंगजेब का विरोध हो रहा है। इसी बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अबू आजमी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। औरंगजेब की तारीफों के पुल बांधकर अबू बुरी तरह से फंस गए हैं। महाराष्ट्र में अबू के खिलाफ स्न्द्धक्र दर्ज कर दी गई है। सोशल मीडिया पर भी कई लोग अबू के बयान पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।मुंबई के मानखुर्द शिवाजी नगर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक आजमी ने दावा किया, हमारा जीडीपी विश्व सकल घरेलू उत्पाद का 24 प्रतिशत था और भारत को (औरंगजेब के समय) सोने की चिड़िया कहा जाता था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अबू आजमी के बयान इस बयान के बाद काफी ज्यादा भड़क गए थे। उन्होंने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज को जिसने 40 दिनों तक बंधक बनाकर मारा, वह उत्तम प्रशासक कैसे हो सकता है? जिसने अपनी मां और बहनों की इज्जत लूटी, वह औरंगजेब अबू आजमी को कैसे प्यारा लग सकता है। एकनाथ शिंदे के अलावा शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने अबू आजमी के इस बयान पर नाराजगी जाहिर की है। दरअसल, अबू आजमी ने बॉलीवुड फिल्म छावा के संदर्भ में कहा कि सारा गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए और वह क्रूर नेता नहीं था। सपा के विधायक ने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता के लिए थी। उन्होंने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच लड़ाई सत्ता के लिए थी। अगर कोई कहता है कि यह लड़ाई धर्म के लिए थी, तो मैं इस पर विश्वास नहीं करता। उस समय के राजा सत्ता और संपत्ति के लिए संघर्ष करते थे, लेकिन यह धार्मिक नहीं था। उसने (औरंगजेब ने) 52 साल तक शासन किया, और अगर वह वाकई हिंदुओं को मुसलमान बना रहा था - तो कल्पना कीजिए कि कितने हिंदुओं ने धर्म परिवर्तन किया होगा।उन्होंने कहा कि अगर औरंगजेब रहमतुल्लाह ने मंदिर तोड़े थे, तो उसने मस्जिदें भी तोड़ी थीं। अगर वह हिंदुओं के खिलाफ होता, तो 34त्न हिंदू उसके साथ नहीं होते; और उसके सलाहकार हिंदू नहीं होते। इसे हिंदू-मुस्लिम एंगल देने की कोई जरूरत नहीं है। यह देश संविधान से चलेगा, और मैंने हिंदू भाइयों के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा है।इस बीच, शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सदस्यों ने मुंबई और ठाणे शहर में आजमी के खिलाफ दो शिकायतें दर्ज कराईं। इसके बाद ठाणे में एक प्राथमिकी दर्ज की गई।महाराष्ट्र में यह पहला मौका नहीं है जब औरंगजेब का जिन्न कब्र से निकला हो । कुछ दिनों से औरंगजेब के नाम का भूत कुछ युवाओं के सिर पर चढ़कर बोल रहा है। ये युवा औरंगज़ेब का स्टेट्स अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगा रहे हैं।, जिसकी वजह से पुलिस को खासा परेशानी झेलनी पड़ रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जहां पर लोग औरंगज़ेब का स्टेटस अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर

लगा रहे हैं। हाल ही में मुंबई से सटे मीरा-भायंदर इलाक़े से एक मामला सामने आया जहां पर एक शख्स ने अपने इंस्टाग्राम पर टीपू सुलतान और औरंगज़ेब का फोटो इस्तेमाल कर एक वीडियो रील बनाई और उसे अपलोड की जिसमे उसने कहा की ÷कोई यह मत समझना की हम खत्म हो गए, हम फिर आएंगे वही दौर लेकर÷

यह वीडियो जैसे ही वायरल हुआ उसपर विश्व हिंदू परिषद से जुड़े एक कार्यकर्ता की नज़र पड़ी, जिसके बाद उसने इस बात की जानकारी दूसरे लोगों को दी और फिर इस मामले की वजह से शहर का लॉ एंड ऑर्डर ख़राब न हो इस वजह से विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने पुलिस का रुख़ किया। भायंदर पुलिस स्टेशन के इस मामले के जांच अधिकारी अनिल करे ने बताया कि 23 अगस्त के दिन विश्व हिंदू परिषद के ज़िला मंत्री नांगनाथ कांबले ने शिकायत दी की, जिसमें उन्होंने बताया कि एक साहिल नाम का लड़का ,है जिसने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर औरंगज़ेब और टीपू सुलतान इन दोनों का एक वीडियो बनाया रील बनाया है और उसे शेयर किया है। करे ने आगे बताया,÷जिसके बाद हमने उसे देखकर वेरिफ़ाई किया और सीनियर अधिकारियों से बातचीत कर हमने स्न्द्धक्र दर्ज की है, यह स्न्द्धक्र ढ्ढक्क्ष्ट की धारा 153( ) और 34 के तहत दर्ज किया है, स्न्द्धक्र दर्ज कर हमने साहिल का पता लगाया और उसे भायंदर इलाक़े से गिरफ़्तार किया, इस मामले दानिश नाम के दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।,÷आपको बता दें की बीते कुछ महीनों में ऐसे ही कुछ मामले महाराष्ट्र के कोल्हापुर, अहमदनगर, धुले और नासिक से भी सामने आये हैं। इसी साल महाराष्ट्र के अहमदनगर के संगमनेर तालुका में औरंगजेब की तारीफ में पोस्टर लगाने की घटना सामने आई थी वहाँ विरोध प्रदर्शन किया गया था। ये पहली घटना थी, जिसके बाद प्रदर्शन के बाद अज्ञात लोगों की ओर से पथराव हुआ जिसमे दो लोग घायल हो गए थे और कई गाड़ियों को भी नुक़सान हुआ था। पोस्टर के बाद तुरंत दूसरे दिन यानी की 7 जून के दिन कुछ लोगों ने कोल्हापुर में औरंगजेब और टीपू सुलतान का स्टेटस अपने सोशल मीडिया पर रखा था। ये दूसरी घटना थी, जिसके बाद आज कुछ हिंदू संगठन इसके विरोध प्रदर्शन के लिए इकठ्ठा हुए थे और पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर %कोल्हापुर बंद% का आयोजन किया इसी बीच प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति पैदा हुई थी। इसके बाद तीसरी घटना महाराष्ट्र के बिड के अष्टि इलाक़े में सामने आई 9 जून के दिन एक 14 साल के लड़के ने अपने वाट्सएप पर औरंगजेब का स्टेटस रखा और उसने उसने औरंगज़ेब की तारीफ की थी। यह बात सामने आते ही इस मामले में एक शिकायत दर्ज कराई गई। बाद में, कुछ स्थानीय हिंदुत्ववादी संगठनों ने इस घटना के विरोध में 'बंद% का आवाहन किया था। और इस चौथी घटना में तो एक शख्स ने औरंगज़ेब के राज्याभिषेक करने की बात सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी 10 जून के दिन महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर का यह मामला है जिसमे एक शख्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर कहा था कि ÷औरंगजेब का राज्याभिषेक समारोह मनाओ÷ पोस्ट में कहा गया था कि 364 साल के बाद (औरंगज़ेब की) जयंती को बड़े धूमधाम से मनाया जाना चाहिए। इस मामले के सामने आने के बाद अताउर रहमान पटेल नाम के शख्स के खिलाफ सिडको पुलिस में स्न्द्धक्र दर्ज किया था।

5वां मामला नवी मुंबई के वाशी इलाक़े से आया, यहां 10 जून के दिन एक मामला सामने आया जिसमे एक शख्स बी औरंगज़ेब की तस्वीर अपने सोशल मीडिया प्रोफ़ाइल पर लगा रखी थी, इसे देखने के बाद अमरजीत सुर्वे नाम के व्यक्ति की इसकी शिकायत वाशी पुलिस को की और फिर पुलिस ने मोहम्मद अली मोहम्मद हुसैन के ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया था। छठवीं मामला महाराष्ट्र के कोल्हापुर के कागल इलाक़े में हुआ, यहां 12 जून के दिन एक मामला सामने आया जिसमे फटाके की दुकान चलाने वाले फारुख यासीन असलकर नाम के शख्स ने टीपू सुल्तान का पोस्ट अपने सोशल मीडिया पर किया जिसके बाद वहाँ हिंदू संघटना ने बंद का आवाहन किया पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ़्तार किया।

7वां मामला 12 जून के दिन महाराष्ट्र के अहमदनगर के पारनेर इलाक़े में हुआ, यहां एक 22 साल के लड़के ने सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट किया जिसके बाद वहाँ बंद का आयोजन किया गया। आठवाँ मामला उसी दिन यानी कि 12 जून को सांगली में हुआ, यहां एक नाबालिग बीजापुर के जनरल अफ़जल खान की तस्वीर को अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया जिसके बाद उसके ख़िलाफ़ पुलिस को मामला दर्ज करना पड़ा। नौवाँ मामला लातूर के किल्लारी गाँव में हुआ, यहां 15 जून के दिन एक शख्स ने औरंगज़ेब का पोस्ट सोशल मीडिया पर डाल दिया जिसके बाद हिंदू संघटन के विरोध प्रदर्शन किया और कई दुकानों को बंद करवाया गया था ।देखने वाली बात यह होगी कि ताज़ा मामला कहां जाकर रुकता है ।

पाकुड़ की खबरें

परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत महिलाओं का नि:शुल्क बंध्याकरण ऑपरेशन

पाकुड़िया (पाकुड़)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मंगलवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत कुल 48 महिलाओं का निशुल्क बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। वहीं चिकित्सा प्रभारी डॉ भरत भूषण भगत ने बताया कि सर्वप्रथम पंजीकरण कर मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत 48 महिलाओं का निशुल्क बंध्याकरण सफल ऑपरेशन पाकुड़ से पहुंचे डॉ पंकज कुमार विराजी, डॉ अमित कुमार के द्वारा किया गया। ऑपरेशन के उपरांत महिलाओं को सभी प्रकार की जरूरी दवा व अन्य सामग्री दिया गया। डॉ भरत भूषण भगत ने बताया कि यहां नियमित रूप से बंध्याकरण किया जाता है। मौके पर डॉ मंजर आलम, एमपीडब्ल्यू प्रभात दास, बबीता कुमारी, नित्य कुमार पाल, अलख निरंजन, नागेश कुमार, सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

सौंदर्यकरण को लेकर बीडीओ ने स्थल का किया निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस पाकुड़िया(पाकुड़) उपायुक्त पाकुड़ के निर्देशानुसार पाकुड़िया स्थित सिदपुर गर्मकुण्ड का कायाकल्प एवं सौंदर्यीकरण कार्य मंगलवार को शुरू हो गया है। जिसका जायजा लेने मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सोमनाथ बनर्जी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी त्रिदीप कुमार शील एवं पंचायत के मुखिया ललिता टुडू गर्मकुण्ड स्थल पहुंचे और सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण कर संवेदक को आवश्यक निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया उपायुक्त के पहल पर सिदपुर गर्मकुण्ड स्थल का सौंदर्यीकरण कार्य अमड़ापाड़ा स्थित डी बी एल कोल कंपनी करने जा रही है। जिसमें सिदपुर गर्मकुण्ड की साफ सफाई के साथ साथ कुंड परिसर में पेवर ब्लॉक से समतलीकरण होगा और आकर्षक व सुगंधित फूल पौधे लगा कर बागवानी का कार्य होगा । बीडीओ ने बताया कि जिले भर में पाकुड़िया का सिदपुर गर्मकुण्ड अति रमणीय पौराणिक पर्यटन स्थल है जहां मकर संक्रांति पर प्रत्येक वर्ष प्रसिद्ध गर्मपानी मेला का आयोजन होता है। और लाखो की भीड़ उमड़ती है ,जाड़े की मौसम में हजारों लोग प्रत्येक दिन स्नान के लिए यहां पहुंचते हैं। लेकिन कुण्ड के आसपास कीचड़ एवं गंदगी रहती है। इसे देखते हुए पिछले दिनो कुंड का अवलोकन कर जिले के उपायुक्त को इस गर्म कुंड का उन्नयन हेतु प्रस्ताव भेजा गया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने डीबीएल कोल कंपनी को सिदपुर गर्मकुण्ड की सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी दी है और कार्य का शुभारंभ आज कर दिया गया है। मौके पर सहायक अभियंता रोहित गुप्ता , राजपोखर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विलियम मरांडी सहित अन्य मौजूद थे ।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

महेशपुर (पाकुड़)।प्रभारी थाना प्रभारी अरविंद राय ने मंगलवार को देवघर से दुष्कर्म के नामजद आरोपित अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के बासमती गांव निवासी राखाल कुमार पाल को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को स्वास्थ्य परीक्षण कराकर आरोपित को पाकुड़ जेल भेज दिया गया। नामजद आरोपित के खिलाफ बीते 26 जनवरी 2025 को अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के एक 29 वर्षीय तलाकशुदा महिला ने शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने तथा मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज करवाई थी। मामला दर्ज होने के बाद नामजद आरोपित फरार चल रहा था। जिसे महेशपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देवघर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

आग लगने से फूस का घर जलकर राख

पाकुड़िया(पाकुड़) थाना क्षेत्र के बड़तल्ला गांव स्थित चितानटोला में सोमवार की शाम को स्थानीय फाइल सोनातोड़िया का फूस का घर जलकर राख हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने आज को बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर कोई काबू नहीं पाया गया। देखते ही देखते कुछ ही देर में घर में रखा अनाज धान, चावल, कपड़ा, बर्तन आधार कार्ड ,वोटर कार्ड लेबर कार्ड ,राशन कार्ड एवं अन्य जरूरी कागजात सहित सब कुछ जलकर खाक हो गया।अग्निकांड के बाद मजदूर फाइल सोनातोड़िया अब बिल्कुल ही बेघर और असहाय हो गया है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। उसने सरकारी मुआवजा सहित अबुआ आवास निर्माण की मांग प्रखंड अंचलअधिकारी से की है जानकारी के अनुसार खाना पकाने के दौरान चूल्हे से निकली चिंगारी से आग लगकर घर जलने की बात कही जा रही है।

मांझी परगना लाहांती बैसी के सदस्यो ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़)मांझी परगना लाहांती बैसी के द्वारा मंगलवार को बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव को पांचवी अनुसूची के अंतर्गत झारखंड में अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायत के उपबंध अधिनियम - 1996 पेसा नियमावली को 23 मूल प्रावधानों के साथ अभिलंब लागू करने के संबंध में ज्ञापन सौपा है।दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि मांझी परगना लाहांती बैसी एवं झारखंड के विभिन्न आदिवासी सामाजिक संगठनों के द्वारा झारखंड के अनुसूचित क्षेत्र के लिए बना केंद्रीय कानून पेसा अधिनियम - 1996 के नियमावली को लागू करने को लेकर लगातार आवाज उठया जा रहा है।मांझी परगना लाहांती बैसी के द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर मांग रखी गई।जिसमे झारखंड के अनुसूचित क्षेत्र से संविधान के अनुच्छेद - 243 स्न(1) के तहत

झारखंड पंचायत राज अधिनियम - 2001 को अभिलंब निरस्त कर पेसा अधिनियम -1996 को 23 मूल प्रावधानों के साथ जल्द लागू किया जाए, पेसा अधिनियम - 1996 के धारा 4(ष्ठ) के अनुसार निचले स्तर पर आदिवासी पारंपरिक ग्राम सभा को अधिकार एवं मजबूती प्रदान किया जाए, पेसा अधिनियम 1996 के धारा 4(रू) के तहत पारंपरिक ग्राम सभा को सभी सात शक्तियां प्रदान की जाए, झारखंड के अनुसूचित जिलों से संविधान के अनुच्छेद -243 (ष्ट) के तहत नगर निगम एवं नगर पालिका व्यवस्था को अविलंब भंग किया जाए, पेसा अधिनियम 1996 के धारा 4 (ह्व) के तहत छठवीं अनुसूची के पैटर्न के दर्ज पर स्वशासी जिला परिषद का गठन किया जाए, झारखंड हाई कोर्ट में दर्ज जनहित याचिका केस संख्या 49 /2021 ,1589/ 2021 एवं 4456/ 2021 मामले पर 29 जुलाई 2024 को दिए गए आदेश को आलोक में झारखंड के अनुसूचित क्षेत्रों में पेसा अधिनियम 1996 के सभी 23 मूल प्रावधानों के साथ तैयार कर नियमावली को जल्द लागू किया जाए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र मुर्मू, कमलाकांत मुर्मू, हरिदास मरांडी, मेधराय हेम्ब्रम, जेतू हांसदा, बाबुधन कोडा, आबेश मरांडी, अजय मुर्मू, डीजेन हांसदा, स्टेफन हेम्ब्रम, बबलु मरांडी, गुलु किस्कु, कालीना टुडू, डिप्टी मुर्मू, प्रेमलाल मुर्मू, अनिता मरांडी सहित दर्जनों ग्राम प्रधान मौजूद थे।

बीडीओ ने की समीक्षात्मक बैठक,दिए कई निर्देश

पाकुड़।। बीडीओ समीर अल्फ्रेड मुर्मू ने मंगलवार को 15 वें वित्त एवं पंचायती राज अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा किया।बैठक में बीडीओ ने 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत व्यय राशि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। ग्राम पंचायत में संचालित योजनाओं का उपयोगिता प्रमाण पत्र, आदर्श पंचायत सचिवालय, बायोमैट्रिक उपस्थिति, ग्राम पंचायत विकास अभियान 2024 अंतर्गत वीएलई द्वारा योजनाओं के प्रविष्टि की स्थिति, पंचायत ज्ञान केंद्र के अधिष्ठापन की स्थिति,पंचायत में संधारित विभिन्न ?रोकड़ बही की अद्यतन स्थिति, चापाकल एवं स्ट्रीट लाइट की मरम्मति, विद्यालय/ आंगनबाड़ी केंद्रों में हैंडवाश यूनिट का निर्माण, विद्यालय/ आंगनबाड़ी केंद्र/ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ?क्रियाशील शौचालय की उपलब्धता, विद्यालय/ आंगनबाड़ी केंद्रों में वाटर फिल्टर का अधिष्ठापन, रॉयल्टी/डीएमएफटी/लेबर सेस, ऑडिट फी का भुगतान एवं भारतनेट रिचार्ज से संबंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।बैठक में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद, सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता,सभी पंचायत सचिव एवं अन्य उपस्थित थे।

नए बीईईओ मिलन कुमार घोष ने दिया योगदान

नाला (जामताड़ा)-- मंगलवार को नए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिलन कुमार घोष ने प्रखंड संसाधन केन्द्र नाला में योगदान दिया। उन्होंने बताया कि नाला प्रखंड अन्तर्गत सभी विद्यालयों में शिक्षा का सर्वांगीण विकास हो, शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं का उपस्थिति सुनिश्चित हो, सथा ही पठन-पाठन एवं मध्याह्न भोजन योजना सुव्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से संचालित हो यही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। मालूम हो की जय देवी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी 28 फरवरी को सेवानिवृति हो जाने के फलस्वरुप फतेहपुर प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिलन कुमार घोष को अतिरिक्त प्रभार जिला शिक्षा अधीक्षक जामताड़ा के द्वारा दिया गया है। योगदान के उपरांत कार्यलय कर्मी से परिचय प्राप्त करते हुए कार्य और दायित्व निर्वहन के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। इस मौके पर सेवानिवृत प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जय देवी, प्रभारी कार्यक्रम पदाधिकारी नित्यानंद गोराईं, प्रखंड साधन सेवी सुनील मंडल, संकुल साधन सेवी परिमल मंडल, लेखापाल जयशेखर हेम्ब्रम के अलावे अन्य कर्मी उपस्थित थे।

जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर अपर समाहर्ता ने की सुनवाई

पाकुड़।समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। अपर समाहर्ता ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में शिक्षक बहाली से संबंधित, स्वास्थ्य सहायता से संबंधित एवं आपूर्ति विभाग से आदि*से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

नव नियुक्त झामुमो जिला अध्यक्ष एवं प्रखंड कमेटी ने झामुमो के केंद्रीय सचिव का किया सम्मानित

पाकुड़। पाकुड़ जिले के नव नियुक्त झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम व जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली ने झामुमो के केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा से साहिबगंज स्थित आवासीय कार्यालय पहुँचकर पुष्पगुच्छ देकर व शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया एवं पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी, कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन , केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा सहित पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया और कहां की पार्टी के नेतृत्वकर्ता ने जो हम पर विश्वास जताया है मैं उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। पार्टी के लिए मैं पूरी ईमानदारी और वफादारी से सबको समान रूप से दृष्टिगत रखते हुए संगठन को मजबूती करने की दिशा में हर हमेशा तत्पर रहूंगा। मैं प्रयास करूंगा पार्टी के नेतृत्वकर्ता को कभी निराश ना होना पड़े। मैं पार्टी के आदेश का अक्षरसह पालन करूंगा । संगठन की मजबूती के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम नव नियुक्त झामुमो जिला सचिव माईकल मुर्मू सहित जिले के सभी छह प्रखंडो के नवगठित प्रखंड कमिटी के पदाधिकारियों उपस्थित थे एवं सभी ने पुष्प कुछ देकर उनका सम्मान किया।

नाड़ीथोल में परिवार कल्याण दिवस मनाया गया

नाला (जामताड़ा)---- प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लियाकत अंसारी के निर्देश के आलोक में मंगलवार को किष्टोपुर उप स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत नाड़ीथोल गांव सहित विभिन्न जगहों में परिवार कल्याण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहिया साथी बविता भूई ने की 7इस अवसर पर नव दंपति,किशोरी तथा महिलाओं के बीच परिवार नियोजन से संबंधित क्वीच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान नयनतारा घोष, द्वितीय मांपी मंडल, तृतीय बनालता कापूरी चतुर्थ स्थान प्रियंका माजी, पंचम स्थान नीलिमा मंडल, तथा छठे स्थान पर टुकु सील तथा सातवें स्थान पर टुकटुकी बाद्यकर ने हासिल की 7 इस अवसर पर सहिया भारती माजी,सेविका बनलता पातर आदि मौजूद थे।इस अवसर पर सभी लाभार्थी को परिवार नियोजन पर आधारित परामर्श दिए गए ।

ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए तनवीर

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव तनवीर आलम ने आज पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ एक अहम बैठक की। बैठक के दौरान जिले के विभिन्न पंचायतों और नगर क्षेत्र से आए ग्रामीण पुरुषों व महिलाओं ने अपनी समस्याओं को रखा। जनता ने जमीन विवाद, मईया सम्मान योजना, पेंशन, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि नहीं मिलने, ग्रीन कार्ड न बनने, जाति, आय व निवास प्रमाण पत्र से जुड़ी परेशानियों को लेकर शिकायतें दर्ज कराई। जन समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए तनवीर आलम ने संबंधित अधिकारियों से तत्काल बात की और कई मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान कराया। इसके अलावा शेष समस्याओं के त्वरित निपटारे के लिए विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश भी दिए।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद उर्फ बकुल, प्रखंड अध्यक्ष मानसारूल हक़, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, शाहीन परवेज, तस्लीम आरिफ उर्फ बुलेट, मिथुन मरांडी, बिलाल शेख, सेलिम हुसैन, आतीउर रहमान, सज्जाद मियां, जैकी, नसीम आलम, अंसारुल हक़ सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। तनवीर आलम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हक की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी हर जरूरतमंद को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध

माता पिता को भरणपोषण राशि न देने पर पुत्र न्यायिक हिरासत में

संताल एक्सप्रेस संवाददाताहिरणपुर(पाकुड़) वृद्ध माता-पिता को तय की गई भरणपोषण राशि न देने पर मंगलवार को पुलिस ने सुंदरपुर निवासी मुकेश कुमार को न्यायिक हिरासत में पाकुड़ भेज दिया। सुंदरपुर के आनंदी पंडित ने वर्ष 2024 में भरणपोषण को लेकर व्यवहार न्यायालय में मामला दर्ज किया था।इसको लेकर तीन पुत्रों को आरोपित बनाया था। मामले को लेकर मध्यस्ता केंद्र व्यवहार न्यायालय में 12.9.2024 को दोनों पक्षों के बीच सुलह कराया गया था। जिसमें तीनों पुत्रों को माता-पिता की भरणपोषण को लेकर प्रतिमा 19000 की राशि उपलब्ध कराने की सहमति बनी थी। इस बीच भरण पोषण राशि उपलब्ध न करने को लेकर न्यायालय से वारंट जारी कर दिया गया। पीड़ित माता-पिता ने बताया कि समझौते की तहत मामला 19000 की राशि दी गई, इसके बाद 13000 की राशि ही दी जाने लगी। समझौते के तहत 31000 रुपए बकाया है पर आज 29000 हमारे बैंक खाते में दी गई है । हमारे तीन पुत्रों में दो सरकारी सेवा में है इसके बावजूद बीते 6 वर्षों से हम पति-पत्नी अलग रहते आ रहे हैं हम काफी कष्ट के साथ जीवन व्यतीत कर रहे हैं इस संबंध में थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में पाकुड़ भेजा गया है।

एसडीपीओ ने की मासिक अपराध गोष्ठी

महेशपुर(पाकुड़) एसडीपीओ विजय कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी की। मासिक अपराध गोष्ठी में एसडीपीओ ने बारी बारी से थानों के लंबित कांडों,यूडी से संबंधित लंबित कांडों,पूर्व से तथा विगत माह तक के सभी प्रकार के लंबित वह प्रतिवेदित कांडों की समीक्षा करने के पश्चात उसके त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। गोष्ठी में मुख्य रूप से होली,रमजान एवं झारखंड और बंगाल बॉर्डर से सटे गांव में हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर विशेष रूप से थाना प्रभारीयो को चौकसी बढ़ाने का निर्देश दिया। थाना प्रभारीयो को भी अलर्ट मोड में रहने का कहा गया। एसडीपीओ ने बताया कि एक तरह जहां मुसलमानो का रोजा चल रहा है। वही हिंदुओं का रंगों का पर्व होली भी है। उन्होंने सभी लोगों से अपील किया की होली को लेकर किसी भी जबरन रंग नहीं लगाए। सभी समुदाय के लोग आपसी सद्भावना के साथ अपने-अपने पर्व को मनाए। उन्होंने सभी थाना प्रभारीओ को निर्देश दिया की होली के दिन पुलिस बल के जवान सभी मस्जिदों के बाहर तैनात रहेंगे। इस बैठक में सभी समुदाय के लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही एसडीपीओ में सभी थाना प्रभारीओ को निर्देश दिया कि पश्चिम बंगाल एवं झारखंड सीमा से सटे गांव में चोरी की घटना का अफवाह को लेकर सभी लगातार गस्ती करें। लोगों से अपील किया कि वह भी कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़े तो इसकी जानकारी पुलिस को दे। कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में नहीं लेंगे। साथ ही चेक पोस्ट पर लगातार गस्ती करने एवं संदिग्ध लोगों के ऊपर नजर रखने का निर्देश दिया। नियमित रूप से दिवा,संध्या और रात्रि गस्ती करने का निर्देश दिया मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस निरीक्षक के अलावा महेशपुर थाना प्रभारी,पाकुड़िया थाना प्रभारी, अमरापाड़ा थाना प्रभारी,रद्दीपुर ओपी थाना प्रभारी मौजूद थे।

नगर निगम ने बकायेदारों के बैंक खातों से वसूला होल्डिंग टैक्स

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। नगर निगम क्षेत्र में मारवाड़ी कांवर संघ द्वारा लंबे समय से होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं किए जाने पर नगर निगम ने सख्त कार्रवाई की है। निगम प्रशासन ने संघ के बैंक खाते से 14,69,001.49 की राशि जब्त कर नगर निगम कोष में हस्तांतरित कर दी है।

2003 से बकाया था होल्डिंग टैक्स

नगर निगम ने कई बार नोटिस जारी कर संघ को बकाया होल्डिंग टैक्स जमा करने का निर्देश दिया था, लेकिन कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। वित्तीय वर्ष 2003-04 से 2024-25 तक मारवाड़ी कांवर संघ पर कुल 30,79,075.00 बकाया था।

झारखंड नगर पालिका अधिनियम के तहत कार्रवाई

झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 184 (1) (ड.) एवं झारखंड नगरपालिका कर भुगतान (समय, प्रक्रिया तथा वसूली) विनियम 2017 की कंडिका 3.2 के तहत नगर निगम को यह अधिकार

प्राप्त है कि यदि कोई बकायेदार समय पर होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करता है तो उसके बैंक खाते और वित्तीय प्रपत्र जब्त कर बकाया राशि की वसूली की जा सकती है। इसी प्रावधान के तहत यह कार्रवाई की गई।

41 बकायेदारों के बैंक खाते फ्रीज-

नगर निगम ने पहले भी 39 होल्डिंग टैक्स बकायेदारों के बैंक खाते फ्रीज किए थे, जिनमें से अब तक केवल 5 बकायेदारों ने भुगतान किया है। वर्तमान में 41 बकायेदारों के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर भुगतान नहीं किया गया, तो संबंधित खातों से राशि जब्त कर ली जाएगी।

बकायेदारों को सख्त चेतावनी

नगर निगम ने बकायेदारों को अंतिम चेतावनी दी है कि अगर तय समयसीमा में टैक्स जमा नहीं किया गया, तो उनके बैंक खातों से जबरन वसूली की जाएगी। यह कार्रवाई नगर निगम के राजस्व में बढ़ोतरी करने और टैक्स चोरी रोकने के लिए उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है।

विश्व शांति कल्याण सहस्त्रचंडी महायज्ञ का उद्घाटन

देवघर संताल **एक्सप्रेस ।** देवघर कल्याणपुर में श्री श्री 108 विश्व शांति कल्याण सहस्त्रचंडी महायज्ञ का विधिवत उद्घाटन झामुमो युवा जिला अध्यक्ष राहुल चंद्रवंशी ने फीता काट कर किया। युवा अध्यक्ष ने कहा 29 अप्रैल से 9 मई तक चलने वाली इस महायज्ञ का आयोजन बहुत ही भव्य होगा और इसमें पूरे जिला वासियों का सहयोग की अपेक्षा है।मौके पर यज्ञ के संचालक बबलू बाबा,नारायण रवानी वैभव चंद्रवंशी अनीश कुमार बिट्टू चंद्रवंशी मनोज बरनवाल हरिकेश सिंह आकाश कुमार साहिल कुमार समीर कुमार आदि मौजूद थे।

देवघर में 1.50 लाख घरों में लगेंगे मुफ्त स्मार्ट मीटर, डीसी ने दिए तेजी से काम के निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । डीसी विशाल सागर की अध्यक्षता में मंगलवार को बिजली आपूर्ति, विद्युतीकरण कार्य और संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसी ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को मुख्यमंत्री झारखंड उज्जवल योजना के तहत शेष सभी घरों में बिजली कनेक्शन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने नगर निगम क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोगों को इसके लाभ और उपयोगिता के बारे में जागरूक किया जाए। जिले में लगभग 1.50 लाख घरों में स्मार्ट मीटर

लगाए जाने हैं, जो मुफ्त उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ये मीटर सटीक रीडिंग के लिए जाने जाते हैं और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। डीसी ने स्मार्ट मीटर लगाने वाली एजेंसी मेसर्स विटेक इंडिया को निर्देशित किया कि कार्य को तेजी से पूरा किया जाए, ताकि आमजन को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही, आरडीएसएस योजना के तहत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में कार्यपालक अभियंता नीरज कुमार, राज्य स्तरीय जांच समिति के सदस्य, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गोड्डा।
शुद्धि–पत्र

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित **e-Tender Reference No.-DMFT/MID/GODDA/F2-17 2nd Call/2024-25 Gr. No.-03** जिसका **PR No.-346140** में प्रकाशित, वेवसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि–14.02.2025 के स्थान पर 08.03.2025, ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–25.02.2025 के स्थान 22.03.2025 अपराह्न 05:00 बजे तक एवं ई–निविदा खोलने की तिथि 27.02.2025 के स्थान पर 24.03.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक पढ़ा जाय। निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, गोड्डा।

PR 347792 Minor Irrigation(24-25)D

कार्यालय नगर परिषद्, दुमका
email-dumka.nagar.parshad@gmail.com

!! शुद्धि पत्र !!

कार्यालय द्वारा निकाली गई अल्पकालीन डाक सूचना संख्या–24 / 2024–25 (PR 346856 (District)24-25*D) में डाक की शर्त्तों में निम्नलिखित आंशिक संशोधन किया जाता है :–

- डाक के उपरान्त प्रतिमाह निर्धारित किराया के आधार पर 10 वर्षों का औसत वार्षिक दर का 1.5 का 4% (प्रतिशत) Stamp शुल्क एवं 3% (प्रतिशत) निबंधन शुल्क देय होगा।
- डाक की तिथि दिनांक–07.03.2025 के स्थान पर दिनांक–11.03.2025 पढ़ा जाय। शेष यथावत् रहेगा।

प्रशासक,
नगर परिषद, दुमका

PR 347737 District(24-25)#D

हस्तशिल्प समाज की समृद्धि की पहचान : एसडीएम

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प द्वारा महाशिवरात्रि के सुअवसर पर शिवलोक परिसर मैदान, देवघर में आयोजित सात दिवसीय गाँधी शिल्प बाज़ार, हस्तशिल्प बिक्री -सह - प्रदर्शनी मेला का समापन में बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम, देवघर रवि कुमार मौजूद रहे। मौके पर सहायक निदेशक हस्तशिल्प भुवन

भास्कर, संथाल परगना चेम्बर के अध्यक्ष आलोक मालिक एवं उपाध्यक्ष निरंजन कुमार सिंह, एवं झारक्राफ्ट के सीनियर क्लस्टर मैनेजर राजीव साहू भी उपस्थित रहे । अतिथियों का स्वागत सहायक निदेशक भुवन भास्कर द्वारा स्मृति चिन्ह देकर किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम, देवघर रवि कुमार ने बाबानगरी में ऐसे मेले का आयोजन करने के लिए हस्तशिल्प विभाग की तारीफ की। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प समाज की समृद्धि की पहचान है। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी को हाथ से निर्मित कलाकृतियों को खरीदकर उनका मनोबल बढ़ाना होगा। उन्होंने वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हस्तशिल्पियों के विकास के लिए किए जा रहे कार्य को सराहा और हस्तशिल्प के उत्थान के लिए हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

बाबा नगरी में होगा बजट होटल, यात्रियों को मिलेगा सस्ता आवास : डीसी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में वर्षभर देश-विदेश से श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए डीसी विशाल सागर के निर्देश पर मोहनपुर अंचल के तीनघरा मौजा में 01 एकड़ भूमि चिन्हित कर बजट होटल के निर्माण की योजना बनाई गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किफायती दरों पर बेहतर आवासीय सुविधा प्रदान करना है। यह बजट होटल व्यावसायिक होटलों की तुलना में अधिक सुलभ और सुविधाजनक होगा, जिससे बाबा बैद्यनाथ के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने में कोई असुविधा न हो। बजट होटल निर्माण से कम खर्च में उच्च स्तरीय

सुविधाएं,श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आरामदायक आवास,देवघर में पर्यटन को बढ़ावा,व्यावसायिक होटलों की महंगी दरों से राहत मिलेगी। जिला प्रशासन इस परियोजना को शीघ्र ही धरातल पर उतारने की तैयारी में है, जिससे आने वाले समय में श्रद्धालु बिना ज्यादा खर्च किए आरामदायक और सुरक्षित आवास का लाभ उठा सकें।

आपसी रंजिश, दो पक्षों के बीच मामला दर्ज

देवघर। खागा थाना क्षेत्र के धावा गांव में आपसी विवाद के चलते दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ केस दर्ज कराया है। दोनों मामलों में नामजद आरोपियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही है। पहला मामला खागा थाना कांड संख्या 08/25 में पीड़ित नोलेज भट ने शिकायत दर्ज कराई है। इसमें आरोपियों के रूप में पांच लोगों को नामजद किया गया है,जिसमें उन्होंने खागा थाना क्षेत्र अंतर्गत धावा गांव निवासी जाबीर भट,समसुल भट,कमल भट,सजवार भट सभी पिता स्व. तोहिम भट,हुरुन बीबी पति जाबिर भट को नामजद आरोपी बनाया है। दूसरा मामला खागा थाना कांड संख्या 09/25 में पीड़ित जाबीर हुसैन ने शिकायत दर्ज कराई है। इसमें छह लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिसमें उन्होंने खागा थाना क्षेत्र अंतर्गत धावा गांव निवासी गाजी मट,बुलबुल भट,लूकमन भट,कालू भट,नोलेज भट,इमरान भट सभी आरोपी मोईम भट के पुत्र को नामजद आरोपी बनाया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पहले भी तनाव की स्थिति रही है।

होली मनाने घर जाना अब हुआ आसान, रेलवे की 6 नई ट्रेनें

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। होली के मौके पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पूर्व रेलवे ने अलग-अलग रूटों पर छह स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इन ट्रेनों का संचालन विशेष रूप से उन लोगों के लिए किया जा रहा है जो अपने परिवार के साथ होली मनाने के लिए घर लौट रहे हैं या फिर त्योहारी यात्रा पर जा रहे हैं। स्पेशल ट्रेनों का संचालन हावड़ा-रक्सौल, सियालदह-गोरखपुर, कोलकाता-पटना, कोलकाता-जयनगर, हावड़ा-खातिपुरा और हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी के बीच किया जाएगा। होली स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से यात्रियों के लिए 22,300 से अधिक बर्थ और 500 सीटें उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे त्योहार के दौरान यात्रा करने में सुविधा होगी।

हावड़ा-रक्सौल होली स्पेशल

03043 हावड़ा से 8 मार्च को 23:00 बजे खाना, 9 मार्च को 16:10 बजे रक्सौल पहुंचेगी। 03044 रक्सौल से 9 मार्च को 17:30 बजे खाना, 10 मार्च को 10:45 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह ट्रेन बंडेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, मधुपुर, जसीडीह, समस्तीपुर, दरभंगा, सीतामढ़ी समेत कई स्टेशनों पर रुकेगी।

सियालदह-गोरखपुर होली स्पेशल

03132 सियालदह से 8, 10 और 13 मार्च को 18:15 बजे खाना, अगले दिन 10:15 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। 03133 गोरखपुर से 9, 11 और 14 मार्च को 13:00 बजे खाना, अगले दिन 07:30 बजे सियालदह पहुंचेगी।

कोलकाता-पटना होली स्पेशल

03135 कोलकाता से 11 मार्च को 23:50 बजे खाना, 12 मार्च को 10:45 बजे पटना पहुंचेगी।

03136 पटना से 12 मार्च को 12:00 बजे खाना, उसी दिन 23:45 बजे कोलकाता पहुंचेगी।

हावड़ा-खातिपुरा होली स्पेशल

03007 हावड़ा से 9 और 16 मार्च को 18:00 बजे खाना, अगले दिन 23:30 बजे खातीपुरा पहुंचेगी। 03008 खातीपुरा से 11 और 18 मार्च को 05:30 बजे खाना, अगले दिन 15:15 बजे हावड़ा पहुंचेगी। इन ट्रेनों में साधारण द्वितीय श्रेणी, शयनयान (स्लीपर), एसी-3 टियर और एसी-2 टियर कोच उपलब्ध होंगे। पूर्व रेलवे ने बताया कि इन ट्रेनों के लिए बुकिंग की तारीख जल्द ही घोषित की जाएगी। त्योहारों के दौरान ट्रेनों में भारी भीड़ को देखते हुए यह विशेष ट्रेनें यात्रियों को राहत प्रदान करेंगी और उनकी यात्रा सुगम बनाएंगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपनी टिकट बुक करवा लें।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका
Email:- eengbcddumka-jhr@nic.in

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–29 / 2024–25

1 विज्ञापनदाता का नाम –कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, दुमका।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय –**18.03.2025** 1:00बजे अपराहन तक।
3 मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय –**19.03.2025** 3:00बजे अपराहन तक।
4 मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय –**19.03.2025** 3:30बजे अपराहन।
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान –(क) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दुमका का कार्यालय।
(ख) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, दुमका का कार्यालय।
(ग) सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल, दुमका का कार्यालय।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान –क्रमांक 5 में वर्णित स्थानों पर।
7 कार्य की विवरणी –

क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
01	RENOVATION OF STAFF QUARTER AT ST RESIDENTIAL HIGH SCHOOL, GOPIKANDER, DUMKA	Rs.40,30,700.00	रू0–80,700.00	रू0–5,000.00	04 Months
02	RENOVATION OF ST RESIDENTIAL HIGH SCHOOL HOSTEL BUILDING AT GOPIKANDER, DUMKA	Rs.48,77,600.00	रू0–97,600.00	रू0–5,000.00	04 Months

नोटः–निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल,दुमका

PR 347756 (Building)24-25*D

पाकुड़ समाहरणालय (जिला भू–अर्जन शाखा)

–: प्रारंभिक अधिसूचना :–
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्याः– **119** / भू–अ0 पाकुड़, दिनांकः– **02.03.2025**

चूँकि झारखंड सरकार / समाहर्त्ता, पाकुड़ को यह प्रतीत होता हैं कि **मौजा**– **आसनढीपा थाना सं0– 30,** थाना– पाकुड़, अंचल– पाकुड़, जिला– पाकुड़ में **कुल– 1.068 एकड़** भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **भाहरकोल से पियादापुर तक पाकुड़ वाईपास सड़क निर्माण परियोजना** हेतु अपेक्षित हैं। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) झारखण्ड, राँची के अधिसूचना संख्या– 549 / नि0रा0, दिनांक– 09.10.2018 के द्वारा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार (झारखण्ड संशोधन) अधिनियम, 2017 द्वारा प्रस्तावित परियोजना को भूमि अर्जन अधिनियम के अध्याय– 2 और अध्याय– 3 के उपबंधो के लागू किये जाने से मुक्त है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा– **आसनढीपा सं0– 30,** थाना– पाकुड़, अंचल– पाकुड़ जिला– पाकुड़ में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **1.068 एकड़** मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे प्लॉट सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का वर्त्तमान किस्म	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हिस्से के अनुसार रकवा (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उत्तर	दक्षिण	पूरब	पश्चिम
1	1	92	रैयती	धानी 3	0.002	0.002	सुना किस्कू, पिता– बाबुधन किस्कू	94	90	96	84
2	8	154	रैयती	धानी 3	0.2500	0.1250	विशु हेम्ब्रम, पिता–स्व0 जीवन हेम्ब्रम	156	153	157	155
			रैयती	धानी 3		0.1250	चाँद हेम्ब्रम, पिता–मझिचरण हेम्ब्रम	156	153	157	155
		155	रैयती	धानी 3	0.168	0.168	खेदेल सोरेन, पति–स्व0 राम हेम्ब्रम	156	151	154	148
		157	रैयती	धानी 3	0.081	0.081	खेदेल सोरेन, पति–स्व0 राम हेम्ब्रम	172	153	183	154
		183	रैयती	धानी 3	0.012	0.006	विशु हेम्ब्रम, पिता–स्व0 जीवन हेम्ब्रम	180	184	182	167
			रैयती	धानी 3		0.006	चाँद हेम्ब्रम, पिता–मझिचरण हेम्ब्रम	180	184	182	167
		184	रैयती	धानी 3	0.240	0.240	खेदेल सोरेन, पति–स्व0 राम हेम्ब्रम	183	186	185	157
		185	रैयती	धानी 3	0.106	0.053	बिटिया मंराडी, पति–फागु हेम्ब्रम	182	186	248	184
			रैयती	धानी 3		0.053	संझला हेम्ब्रम, पिता–मानसिंह हेम्ब्रम	102	186	248	184
3	29	118	रैयती	धानी 3	0.150	0.150	मारिया राजिना मुर्मू, पिता–रघुनाथ मुर्मू	122	100	121	120
		120	रैयती	धानी 3	0.055	0.055	एमेलदा मुर्मू, पिता–रघुनाथ मुर्मू	118	180	118	100
4	23	385	रैयती	धानी 3	0.004	0.004	बाबुधन मुर्मू, पिता– स्व0 गणेश मुर्मू	-	394	386	384
				कुल योग –	**1.0680**	**1.0680**					

यह अधिसूचना भू–अर्जन पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013) की धारा– 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण भू–अर्जन पदाधिकारी, पाकुड़ के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखंड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा– 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निश्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविश्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदधिकारी, पाकुड़ और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा– 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा– 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बावत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पाकुड़ के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0 / –
उपायुक्त, पाकुड़

PR 347706 Pakur(24-25)#D

कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, दुमका

!! कार्यालय–आदेश !!

जिले के प्रारंभिक शिक्षकों को ग्रेड–3 एवं ग्रेड–4 में प्रोन्नति देने हेतु औपबंधिक वरीयता सूची **(ZOC)** के प्रारूप जिले के वेबसाईट **dumka.nic.in** पर एवं कार्यालय के सूचनापट्ट पर कार्यालय पत्रांक – 292 दिनांक – 13.02.2025 के द्वारा अंतिम रूप से प्रकाशित सूची में छुटे हुए योग्य शिक्षकों से दावा आपत्ति की मांग की गयी है। प्राप्त सभी दावा आपत्ति के निराकरण के उपरान्त वरीयता सूची में अंकित शिक्षकों की मूल सेवा पुस्तिका, शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक प्रमाण–पत्र, बढ़ाई गई योग्यता से संबंधित आदेश पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति की मांग की गयी थी। संबंधित शिक्षकों के द्वारा जमा किए गए प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति से मिलान करने हेतु संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी के साथ टीम गठित करते हुए कार्यालय ज्ञापांक – 375 दिनांक – 27.02.2025 के द्वारा दिनांक – 01.03.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड संसाधन केन्द्र में काउंसिलिंग निर्धारित की गयी थी।

वैसे शिक्षक / शिक्षिका जो दिनांक – 01.03.2025 को आयोजित काउन्सिलिंग में किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो पाये उन्हें अंतिम मौका देते हुए दिनांक – 03.03.2025 को संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड संसाधन केन्द्र में उपस्थित होकर काउन्सिलिंग में भाग लेने हेतु निदेश दिया गया।

उक्त दोनों काउन्सिलिंग में शिक्षकों द्वारा समर्पित दावा / आपत्ति के उपरान्त ग्रेड–4 में शिक्षकों की प्रोन्नति हेतु उपलब्ध रिक्ति के अनुसार संबंधित कोटि – (विज्ञान, भाषा एवं कला) में दोगुनी शिक्षकों की सूची अंतिम रूप से तैयार की गयी वरीयता सूची को जिले के वेबसाईट **www.dumka.nic.in** पर प्रकाशित की जा रही है। वेबसाईट पर ग्रेड–4 में प्रोन्नति हेतु प्रकाशित सूची में से यदि कोई शिक्षकों को किसी प्रकार की दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वैसे शिक्षक जिला शिक्षा अधीक्षक, दुमका के कार्यालय के ई–मेल **dumka.mdm@gmail.com** पर अथवा हाथो–हाथ जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर दिनांक – 05.03.2025 के 11:30 बजे पूर्वाह्न तक अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दिनांक – 05.03.2025 के 11:30 बजे पूर्वाह्न के पश्चात किसी प्रकार दावा / आपत्ति ना तो स्वीकार किया जायेगा और न ही विचार किया जायेगा।

ह0 / –
जिला शिक्षा अधीक्षक,
दुमका

PR 347724 Human Resource Developement(24-25).D

पाकुड़ समाहरणालय (जिला भू–अर्जन शाखा)

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्याः– 1130 / भू–अ0 पाकुड़, दिनांकः– 02.03.2025

चूँकि झारखंड सरकार / समाहर्त्ता, पाकुड़ को यह प्रतीत होता हैं कि मौजा– गोसाईपुर थाना सं0– 47, थाना– पाकुड़, अंचल–पाकुड़, जिला–पाकुड़ में कुल 2.678 एकड़ भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना शहरकोल से पियादापुर तक पाकुड़ वाईपास सड़क निर्माण परियोजना हेतु अपेक्षित हैं। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, (भू–अर्जन निदेशालय) झारखण्ड, राँची के अधिसूचना संख्या–549 / नि0रा0, दिनांक–09.10.2018 के द्वारा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार (झारखण्ड संशोधन) अधिनियम, 2017 द्वारा प्रस्तावित परियोजना को भूमि अर्जन अधिनियम के अध्याय–2 और अध्याय–3 के उपबंधो के लागू किये जाने से मुक्त है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–गोसाईपुर सं0–47, थाना–पाकुड़, अंचल–पाकुड़ जिला–पाकुड़ में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 2.678 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

क0 सं0	खाता सं0	सर्वे प्लांट सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का वर्त्तमान किस्म	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हिस्से के अनुसार रकवा (एकड़ में)	हितचद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उत्तर	दक्षिण	पूरब	पश्चिम
1	1	48	प्रधानी जोत	धानी II	0.347	0.347	प्रधानी जोत।	49	5	51	4649
2		50	प्रधानी जोत	धानी III	0.181	0.181		49	51	52	49
3		72	प्रधानी जोत	बाड़ी II	0.205	0.205		66	5	73	66
4		73	प्रधानी जोत	बाड़ी II	0.164	0.164		72	54	74	72
5	3	66	रैयती	बाड़ी II	0.193	0.193	आयुक्त संथाल परगना प्रमंडल के न्यायालय वाद सं0–RMA N0-113/1990-91 द्वारा अपर उपायुक्त साहेबगंज के RMA N0-19/1989-90 दिनांक 30.08.1990 के द्वारा जमाबंदी नं0–03 एवं 5 को फौती घोषित करने का आदेश यथावत रखा गया।	65	54	72	65
6	5	90	रैयती	बाड़ी II	0.240	0.240	आयुक्त संथाल परगना प्रमंडल के न्यायालय वाद सं0–RMA N0-113/1990-91 द्वारा अपर उपायुक्त साहेबगंज के RMA N0-19/1989-90 दिनांक 30.08.1990 के द्वारा जमाबंदी नं0–03 एवं 5 को फौती घोषित करने का आदेश यथावत रखा गया।	91	सड़क	96	89
7	6	65	रैयती	बाड़ी II	0.056	0.056	बेंजामीन सोरेन व मुनु सोरेन व संझली हेम्ब्रम, चडरा सोरेन, मरांग सोरेन दिगर (आर0टी0)	55	66	66	65
1	16	87	रैयती	बाड़ी II	0.098	0.098	धर्मवीर हेम्ब्रम पिता–रविन्द्रनाथ हेम्ब्रम।	86	सड़क	88	75
2		88	रैयती	बाड़ी II	0.105	0.105		85	सड़क	89	87
3		89	रैयती	बाड़ी II	0.105	0.105		84	सड़क	90	88
4		105	रैयती	बाड़ी II	0.040	0.040		106	554	554	104
5		106	रैयती	धानी III	0.095	0.095		99	104	107	99
6		108	रैयती	धानी III	0.022	0.022		107	106	सड़क	106
7	14	74	रैयती	धानी II	0.180	0.180	गुनशन हेम्ब्रम पिता– स्व0 फागु हेम्ब्रम	35	4	46	33
8		75	रैयती	धानी II	0.189	0.189		36	34	45	33
9	10	34	रैयती	धानी II	0.195	0.195	मुंशी मुर्मू पिता– स्व0 गाब्रीयल मुर्मू।	35	5	46	33
10		35	रैयती	धानी II	0.015	0.015		36	34	45	33
11		55	रैयती	बाड़ी II	0.021	0.021		54	65	56	सड़क
12		96	रैयती	बाड़ी II	0.227	0.227		94	सड़क	97	90
				कुल–	2.678	2.678					

यह अधिसूचना भू–अर्जन पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013) की धारा– 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण भू–अर्जन पदाधिकारी, पाकुड़ के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखंड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा– 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिश्ट कार्यों के समुचित निश्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविश्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदधिकारी, पाकुड़ और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा– 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा– 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बावत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पाकुड़ के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0 / – उपायुक्त, पाकुड़।

PR.NO.347696 Pakur(24-25):D

महिला सशक्तिकरण से होगा समाज का नवनिर्माण

गोड्डा ~ गर्ल्स प्राउटिस्ट, गोड्डा की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली भतडीहा मुहल्ला स्थित आनंद मार्ग प्रचार केंद्र से निकलकर विभिन्न मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। महिलाएं हाथ में महिला जागरूकता से संबंधित विभिन्न नारे से संबंधित तख्तियां लेकर नारे लगा रही थी। रैली में शामिल बबीता कुमारी, विद्या देवी, रूपातीत दीदी आदि ने बताया कि आज के दौर में महिलाएं शिक्षित होकर देश-विदेश में नाम रोशन कर रही हैं। महिला सशक्तिकरण से ही समाज व देश का नवनिर्माण हो सकता है। आदर्श समाज की स्थापना के लिए महिलाओं को आगे आने की जरूरत है।सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए महिलाओं को एकजुट होना चाहिए। रैली में दर्जनों की संख्या में महिलाएं शामिल थी।

परियोजना निदेशक और एसडीएम ने ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना के भौतिक स्थिति का किया निरीक्षण

जामताड़ा ~ उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय के निर्देश पर मंगलवार को परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार एवं कार्यपालक अभियंता पीएचईडी राहुल प्रियदर्शी के द्वारा जिले के कुंडहित प्रखंड अंतर्गत मुड़ाबेड़िया पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण जलापूर्ति योजना के क्रियान्वयन एवं भौतिक स्थिति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज ने संबंधित संवेदक एवं अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसे जल्द से जल्द पूर्ण करें, गर्मी के मौसम में लोगों को पेयजल की किल्लत नहीं हो। साथ ही योजना के क्रियान्वयन में गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं हो इसका पूर्ण ख्याल रखने का निर्देश दिया।

अखिल भारतीय किसान सभा ने पंचायत को सौंपा ज्ञापन, समस्याओं के समाधान की मांग

चितरंजन~ सालानपुर ब्लॉक की अखिल भारतीय किसान सभा कमेटी ने जीतपुर-उत्तर रामपुर ग्राम पंचायत को एक ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन में प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार, 100 दिनों के रोजगार की बहाली, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, वृद्धा एवं विधवा पेंशन की पुनर्बहाली, जर्जर पुलों की मरम्मत और कानून-व्यवस्था में सुधार जैसी प्रमुख मांगें शामिल थीं। संगठन का आरोप है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में अपात्र लोगों को लाभ दिया गया, जबकि कई जरूरतमंद अब भी इससे वंचित हैं। उन्होंने लाभार्थियों की सूची सार्वजनिक करने और निष्पक्ष जांच की मांग की। साथ ही, मनरेगा के तहत 100 दिनों का रोजगार बहाल करने और न्यूनतम मजदूरी 600 रुपए प्रतिदिन करने की अपील की। ज्ञापन में हर घर में स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित करने, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, वृद्धा और विधवा पेंशन फिर से शुरू करने, जर्जर पुलों की मरम्मत और जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग उठाई गई। अपराध बढ़ने पर चिंता जताते हुए गांव में सीसीटीवी कैमरे लगाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की अपील भी की गई। इस मौके पर गणेश पंडित, सोमनाथ दास, जगदीश मालाकार, तृप्ति भट्टाचार्य, मेघनाथ बनर्जी सहित कई नेता उपस्थित थे। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बड़े आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जामताड़ा लेम्प्स और विभिन्न पीडीएस दुकानों का किया निरीक्षण

जामताड़ा ~ मंगलवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी डॉ0 राजशेखर कुमार द्वारा शहरी क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों एवं जामताड़ा लैम्प्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने दुकान को ससमय खोलने, भंडार एवं सूचना पट्ट संधारित करने, लाभुकों की सूची प्रदर्शित करने, लाभुकों को ससमय खाद्यान्न देने एवं विभाग द्वारा संचालित सभी सरकारी योजनाओं से अवगत कराने का निर्देश दिया। साथ ही सभी लाभुकों से भी अपील किया गया कि वे अपना ई-केवाईसी अविलंब करा लें, अन्यथा निकट भविष्य में उनका आवंटन रोके जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार दोनों ई-केवाईसी मुद्दे पर काफी गंभीर है इस संदर्भ में बार-बार केन्द्र एवं राज्य स्तर पर बैठक कर अविलंब ई-केवाईसी कराने का निदेश प्राप्त हो रहा है। इसके अलावे उन्होंने जामताड़ा लैम्प्स में धान अधिप्राप्ति योजना का निरीक्षण किया। साथ ही लैम्प्स के भंडारण एवं रख-रखाव का निरीक्षण कर लैम्प्स संचालक को किसानों को राज्य सरकार के धान अधिप्राप्ति केन्द्र में अधिक से अधिक धान बिक्री करने हेतु प्रोत्साहित करने का प्रचार प्रसार हेतु निर्देश दिया।

- श्रम विभाग द्वारा संचालित कौशल प्रशिक्षण केंद्रों से संबंधित की गई समीक्षा

गोड्डा ~ जिला कौशल समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान श्रम विभाग द्वारा संचालित कौशल प्रशिक्षण केंद्रों के प्रगति एवं आवासीय और गैर आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या एवं उनके प्लेसमेंट की स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण, उनका सर्टिफिकेशन, असेसमेंट, प्लेसमेंट तथा इनरोलमेंट की प्रक्रिया तीव्र करने, युवाओं के हुनर के अनुरूप कार्य योजना बनाकर रोजगार से जोड़ने के निमित्त प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु नए सेक्टर/ जॉब रोल का चयन करने के निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर पवन बाघ, जिला नजारत उपसमाहर्ता श्रवण राम, श्रम अधीक्षक बबन सिंह समेत संबंधित कार्यालय के कर्मी गण मौजूद थे।

आपसी विवाद के तहत घर में घुसकर मारपीट करने से तीन लोग घायल

कुंडहित (जामताड़ा) ~ मोबाइल फोन को लेकर आपसी मामूली से विवाद को लेकर कुंडहित प्रखंड के खजुरी गांव में घर में घुसकर मारपीट करने से तीन व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया। घायलों में दो को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर भेज दिया गया।जानकारी के अनुसार खजुरी गांव में जयदेव लायक के पुत्र इंद्रजीत लायक और षष्ठी धीवर के पुत्र राजु धीवर के साथ मोबाइल फोन को लेकर बाता बाती हुआ था। वही बात को लेकर राजु धीवर, अम्बी धीवर एवं पिता षष्ठी धीवर एक मत होकर कुल्हाड़ी एवं हथियार से लैस होकर घर में धुसकर इंद्रजीत लायक, लाल्टू लायक एवं नारायण पाल को बुरी तरह से घायल कर दिया। हल्ला होने पर लोग भाग गया। ग्रामीणों के मदद से सभी लोग कुंडहित थाना पहुंचे। जहां सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडहित में इलाज कराया गया। लेकिन लाल्टू लायक एवं नारायण पाल बुरी तरह से घायल होने के कारण चिकित्सकों उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी विनय यादव ने बताया घायल लाल्टू लायक के आवेदन पर घर में घुसकर मारपीट का मामला दर्ज किया गया। जहां अम्बी धीवर, राजु धीवर एवं पिता षष्ठी धीवर को आरोपी बनाया गया।

योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाना मुखिया की अहम जिम्मेदारी : डीसी

संवाददाता

गोड्डा । स्थानीय नगर भवन में झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त जिशान कमर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पंकज कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार सहित अन्य गणमान्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने मुखियाओं से ग्रामीण विकास कार्य के अलावा शिक्षा और अन्य सामाजिक विषयों पर भी ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर योग्य बच्चों का कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना और सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचाना आपकी अहम जिम्मेदारी है। आगे बताया कि गांवों में हर बच्चों को नई शिक्षा नीति से जोड़ने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मध्यान्ह भोजन योजना, शिक्षकों की उपस्थिति, स्कूल प्रबंधन समितियों के चुनाव आदि में मुखियाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उपायुक्त ने पलायन के कारण शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए विशेष शिक्षण व्यवस्था करने, दिव्यांग बच्चों की पहचान कर उन्हें शिक्षा से जोड़ने तथा लड़कियों की शिक्षा को प्राथमिकता देने और उनके सशक्तिकरण में योगदान देने के निर्देश दिए। मौके पर संबंधित पंचायतो के मुखियागण सहित सीआरसी, बीआरसी मौजूद रहे।

महागामा में सैरात बन्दोबस्ती संपन्न श्रीनाथ सिंह ने 95,80,500 में लिए बैरियर

महागामा प्रतिनिधि गोड्डा/ नगर पंचायत महागामा द्वारा विभिन्न सैरातों की बन्दोबस्ती प्रक्रिया नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार के नेतृत्व में कड़ी सुरक्षा के साथ सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई। मोटर वाहन प्रवेश शुल्क वसूली डाक के लिए कुल पाँच प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से चार पात्र पाए गए। उच्चतम बोली लगाने वाले महागामा नगर के गुदिया निवासी श्रीनाथ सिंह को ?95,80,500 में यह बन्दोबस्ती दी गई। बस स्टैंड और ऑटो रिक्शा स्टैंड की बन्दोबस्ती के लिए दो प्रस्ताव आए, जिसमें उच्चतम बोलीदाता सुभाष कुमार छोटा सिमड़ा, ललमटिया को ?6,02,500 में आवंटन किया गया।मोहनपुर हाट की बन्दोबस्ती के लिए तीन प्रस्ताव आए, जिसमें सानु कुमार महागामा के खदहरामाल ने सबसे ऊंची बोली लगाई और उन्हें ?1,69,500 में बन्दोबस्ती दी गई। महागामा हाट के लिए दो प्रस्ताव मिले, जिसमें अमित कुँवर महागामा को ?1,05,400 में आवंटन किया गया। वहीं बसुआ चौक मीट बाजार और सब्जी मार्केट के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ। वहीं, होर्डिंग और विज्ञापन बन्दोबस्ती के लिए तीन प्रस्ताव आए, जिसमें उच्चतम बोलीदाता अवधेश कुमार यादव महागामा को ?1,40,500 में यह कार्य सौंपा गया। नगर पंचायत ने सभी सफल बोलीदाताओं को निर्धारित समय में आवश्यक दस्तावेज जमा करने और कार्यभार संभालने के निर्देश दिए हैं। वहीं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत उच्चतम बोली लगाने वालों को ही कार्य आवंटित किए गए हैं, जो नगर पंचायत के विकास कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

पर्यटन स्थलों के लिए प्रबंधन क्लब का होगा गठन

गोड्डा । उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में जिला अंतर्गत स्थित पर्यटन स्थलों के प्रबंधन, साफ-सफाई एवं पर्यटकीय संरचनाओं के अनुरक्षण हेतु आसपास के योग्य एवं इच्छुक व्यक्तियों को शामिल कर पर्यटन प्रबंधन क्लब का गठन करने सहित कई निर्णय लिए गए। लिए गए निर्णयों में बोआरीजोर प्रखंड अन्तर्गत बरताली में ट्रैक का विकास करने हेतु दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी को स्थल निरीक्षण कर प्रतिवेदन समर्पित करने, धमसाई, रत्नेश्वर धाम एवं योगिनी स्थान की देख-रेख संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी तथा अन्य सक्रिय व्यक्तियों की मदद से करने, अधिसूचित पर्यटन स्थलों में पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाए उपलब्ध कराने, जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सेमिनार, वर्कशॉप, फूड फेस्टिवल, नुक्कड़ नाटक, फेम ट्रिप जैसे कार्यक्रमों को आयोजित करने, दामाकोल जलप्रपात को पर्यटन की श्रेणी सी में शामिल करने के प्रस्ताव उपलब्ध कराने, होम स्टे का विकास से संबंधित प्रस्ताव जिला कल्याण पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराने, पर्यटन व्यवसाय से संबंधित स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करने एवं जिला अंतर्गत पर्यटक स्थलों की श्रेणीवार पहचान कर प्रतिवेदन एवं प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निदेश दिए गए। मौके पर पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी, डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर पवन कुमार बाघ, जिला नजारत उपसमाहर्ता श्रवण राम, नगर प्रशासक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष कुमार, जिला खेल पदाधिकारी डॉ0 प्राण महतों सहित खेल कार्यालय कर्मीगण मौजूद थे।

रूपनारायणपुर में वसंत संध्या का आयोजन, विद्वानों ने साझा किए प्रेरक विचार

चितरंजन~ देशबंधु पार्क स्थित सौरव भवन में सोमवार शाम वसंत संध्या का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें साहित्य, पत्रकारिता और समाजसेवा से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया। देशप्रेमी बंगला साप्ताहिक अखबार के संपादक वासुदेव मंडल ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपनी प्रतिभा पर अहंकार नहीं करना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, जो व्यक्ति अपनी क्षमता पर घमंड करता है, वह उसी पत्थर की तरह होता है, जो अपने ही भार से जल में डूब जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत माधुरी मंडल द्वारा उनकी स्वरचित कविता पाठ से हुई, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद पत्रकार रमाकांत मंडल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि उन्होंने पत्रकारिता के मूल सिद्धांत वासुदेव मंडल के मार्गदर्शन में सीखे हैं। वहीं, बासंती मजूमदार ने भी अपनी महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। इस अवसर पर जगरनाथ मंडल, गौरा मंडल, शैवाल सेन गुप्ता, सुशांतों जाना और गौरी मंडल ने भी अपने विचार प्रस्तुत कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। पारो शैवलिनी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा जो बीत गया, उस पर अफसोस नहीं करना चाहिए,जो पास है, उसे संजोकर रखना चाहिए,जो विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग रहते हैं,वही सफलता की ऊंचाइयों को छूते हैं। उन्होंने अपने पत्रकारिता सफर को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कभी अपनी लेखनी के सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और आगे भी कभी नहीं करेंगे। अंत में सौमित्रो चक्रवर्ती ने कहा, आप जिनसे स्नेह रखते हैं, उनके गुणों की प्रशंसा अवश्य करें, इससे संबंध और अधिक मजबूत होते हैं। इस आयोजन की अध्यक्षता प्रशांत मंडल ने की, जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन वृंदावन मंडल ने किया।

ट्रैक्टर हाई टेंशन तार से टकराया, चालक की मौत

चितरंजन~ सालानपुर और बाराबनी ब्लॉक की सीमा पर मंगलवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ। बादराडी मोड़ के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर हाई टेंशन बिजली के खंभे से टकरा गया, जिससे चालक संजय बाउरी (20) की मौके पर ही मौत हो गई। संजय बाराबनी ब्लॉक के छोटोकर गांव का निवासी था। घटना सालानपुर ब्लॉक के जीतपुर-उत्तररामपुर पंचायत क्षेत्र में हुई, जहां सरकारी योजना के तहत मयूरापुखुर तालाब की खुदाई चल रही थी। निकाली गई मिट्टी को ट्रैक्टरों से अन्य स्थानों पर पहुंचाया जा रहा था। शाम करीब 4 बजे संजय ट्रैक्टर चला रहा था, तभी वाहन अनियंत्रित होकर हाई टेंशन बिजली के खंभे से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खंभा उखड़कर तारों समेत नीचे गिर गया और पूरे ट्रैक्टर में करंट फैल गया, जिससे संजय की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे। संजय को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पंचायत प्रधान और प्रशासनिक अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। संजय अपने माता-पिता का सबसे बड़ा बेटा था। उसकी चार छोटे भाई-बहन, पत्नी और एक बेटी है। अचानक हुई इस त्रासदी से परिवार सदमे में है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की और हाई टेंशन तारों की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाने की अपील की।

अवैध हथियार के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

गोड्डा । बीते सोमवार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सुन्दरपहाड़ी थाना अंतर्गत कटहलडीह गाँव के रामपतरस मरांडी जो पूर्व में कई कांडो के अभियुक्त रहा है, अपना नया घर स्थित दामाकोल के पास पिस्तौल लहराकर घूम रहा है तथा किसी को गोली मारकर क्षेत्र में समस्या उत्पन्न करने की योजना बना रहा है। जिसके बाद प्राप्त सूचना का सनहा दर्ज कर वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अद्योहस्ताक्षरी के निर्देशानुसार छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल दामाकोल गाँव पहुँचकर रामपतरस मरांडी के घर के कुछ दूरी पर गाड़ी रोककर रामपतरस मरांडी का घर का घेराबंदी कर छापामारी किया गया। रामपतरस मरांडी की विधिवत् तलाशी ली गई तो उसके कमर के बाँये तरफ से एक देशी कट्टा, पैंट के दाहिने पॉकेट से एक जिंदा कारतूस एवं घर के छपरी के नीचे से मासकेट हथियार बरामद किया गया। इस संबंध में सुंदरपहाड़ी थाना कांड संख्या 12/2025, दि0 03.03.2025, धारा 25 (1बी) ए/26 आर्म्स एक्ट अंकित अभियुक्त पतरस मरांडी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तारी अभियुक्त की पहचान रामपतरस मरांडी, उम्र करीब 33 वर्ष, पिता ईश्वर मरांडी उर्फ मार्टिन, सा0 कटहलडीह, थाना सुंदरपहाड़ी, जिला गोड्डा के रूप में की गई। वहीं छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक आशीष कुमार यादव, थाना प्रभारी, सुन्दरपहाड़ी थाना, पुलिस अवर निरीक्षक रविन्द्र कुमार गुप्ता, सुन्दरपहाड़ी थाना, पुलिस अवर निरीक्षक पटवारी सोरेन, सुन्दरपहाड़ी थाना, थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

भू -अर्जन से संबंधित हुई समीक्षा बैठक, दिए गए आवश्यक दिशा- निर्देश

गोड्डा । समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में भू-अर्जन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त के द्वारा भू-अर्जन से संबंधित अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन, भू-अर्जन से संबंधित मामलों में अग्रेतर कार्रवाई करने एवं अधियाची पदाधिकारियों के द्वारा भू-अर्जन के पश्चात योजनाओं के क्रियान्वयन कराए जाने आदि कार्यों में उत्पन्न हो रही समस्याओं के बारे में समीक्षा की गई। सभी अधियाची पदाधिकारियों के द्वारा भू-अर्जन के पश्चात योजनाओं के क्रियान्वयन कराए जाने आदि कार्यों में उत्पन्न हो रही समस्याओं के निदान हेतु विशेष अभियान चलाकर सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन करने के निर्देश दिए गए। मौके पर पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी, डिविजनल फॉरेस्ट ऑफीसर पवन वाघ, अपर समाहर्ता, प्रेमलता मुर्मू, जिला भू -अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल सहित भू -अर्जन कार्यालय के कर्मीगण मौजूद थे।

बंदरचुवां एवं मूंगियामारनी आंगनबाड़ी केंद्र पर किया गया सहायिका का चयन

